* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

09 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 21


सवाल पूछने के बदले पैसे लेने का मामला: सांसद महुआ मोइत्रा केस की जांच लोकपाल ने सीबीआइ को दी




GREAVES ELECTRIC MOBILITY
KUSH AMPERE
कम EMI 100%* फाईनान्स
विशेष ब्याज़ दर 8.99%* से शुरू
₹5000* तक का शानदार कैशबैक
कुश एम्पीयर
# हर गली इलेक्ट्रिक
बम्पर ऑफर*
PRIMUS
ELECTRIC SCOOTER
AMPERE
अधिक जानकारी के लिए अपने नज़दीकी डीलरशिप पर जाएं
*नियम एवं शर्तें लागू
OPP SANI MANDIR, GARIKHANA CHOWK, HARMU BY PASS ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Mobile : 9155061414


प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार के बयान को भद्दा बताया

## घमंडिया गठबंधन के बड़े नेता कितना नीचे गिरेंगे : मोदी

- गुना में चुनावी सभा में विपक्ष पर जम कर बरसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**दमोह/गुना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दमोह, गुना और मुरैना में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। गुना में उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिलाओं पर दिये बयान को भद्दा बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता, जो इनका झंडा लेकर घूम रहे हैं, ने विधानसभा में माताओं-बहनों की उपस्थिति में ऐसी भद्दी भाषा में बातें कीं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्हें कोई शर्म नहीं। कितना नीचे गिरेंगे। दुनिया में देश का अपमान करा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन का एक भी नेता माताओं-बहनों के भयंकर अपमान के खिलाफ एक शब्द बोलने के लिए तैयार नहीं हुआ। ऐसा दृष्टिकोण रखने वाले आपका भला कर सकते हैं क्या? इससे पहले दमोह की सभा में



प्रधानमंत्री ने दावा और वादा करते हुए कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि जब मेरा तीसरा सेवाकाल शुरू होगा, मैं इस देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया के टॉप-3 में लाकर रहूंगा। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को ग्वालियर की चुनावी सभा में कहा था कि भाजपा में पांच पांडव हैं। इडी, सीबीआइ, आइटी और ऊपर से चौहान और मोदी। ये पांडव अलग हैं। प्रधानमंत्री ने इस पर भी पलट वार किया। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि हम पांच पांडवों की राह पर चल रहे हैं।

### नीतीश ने हाथ जोड़कर माफी मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी पर बुधवार सुबह माफी मांग ली। बयान देने के दूसरे दिन उन्होंने विधानसभा के बाहर और सदन में कई बार हाथ जोड़कर खेद प्रकट किया। नीतीश ने कहा कि मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं माफी मांगता हूं। मैं अपनी खुद निंदा करता हूं। मैं सिर्फ शर्म कर रहा हूं। जनसंख्या नियंत्रण के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। मेरा मकसद सिर्फ शिक्षा के बाद जनसंख्या वृद्धि में आ रहे परिवर्तन को बताना था। मैं माफी मांगता हूं। मैं अपने शब्दों को वापस लेता हूं, अगर मेरी कोई बात कहना गलत था, मेरी किसी बात से दुख पहुंचा है तो माफी मांगता हूं। अगर मेरे बयान की कोई निंदा कर रहा है, तो हम माफी मांगते हैं। अगर इसके बाद भी कोई मेरी निंदा करता है, तो मैं उसका अभिनंदन करता हूं।



**नीतीश के बयान को अक्षरश : लिखा नहीं जा सकता**

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को पेश जातीय-आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट पर हुई बहस के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि महिला शिक्षित होगी, तो गारंटेड प्रजनन दर कम होगी। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने पति और पत्नी के संबंध और प्रजनन प्रक्रिया का भी जिक्र किया। उन्होंने जो बोला, वह शब्दश: यहां लिखा नहीं जा सकता। इतना जरूर है कि राजनेता तो राजनेता, किसी व्यक्ति का भी सार्वजनिक रूप से कहीं से इस तरह का बयान देना जायज नहीं ठहराया जा सकता है।

## आएसआइएस से जुड़े दो आतंकी गिरफ्तार

हजारीबाग और गोड्डा से एटीएस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एटीएस ने दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़ हैं। एटीएस की टीम ने हजारीबाग और गोड्डा जिला में कार्रवाई करते हुए दोनों आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान आरिज हसनैन और मोहम्मद नसीम रूप में हुई है। नसीम हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के महतो टोला का रहने वाला है। नसीम की गिरफ्तारी हजारीबाग से की गयी है। वहीं, दूसरे आतंकी मो. आरिज गोड्डा जिले के रहमत नगर का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी गोड्डा से की गयी। गिरफ्तारी के बाद दोनों आतंकियों को झारखंड एटीएस के मुख्यालय लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

**आइएसआइएस मॉड्यूल को ऑपरेट करने की सूचना :** एटीएस को सूचना मिली थी कि झारखंड के हजारीबाग और गोड्डा जिला में आइएसआइएस मॉड्यूल को ऑपरेट किया जा रहा है। इसी सूचना पर झारखंड एटीएस ने दोनों जगहों पर छापेमारी की। इसमें दो आतंकियों आरिज हसनैन और मोहम्मद नसीम को गिरफ्तार किया गया है।





### एनआइए ने हजारीबाग के रहने वाले आतंकी को रिमांड पर लिया

**रांची (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के कटकमसांडी स्थित पेलावल रोड न्यू महमूदा हाउस के रहने वाले आइएसआइएस आतंकी से एनआइए ने पूछताछ शुरू कर दी है। पुणे के बहुचर्चित आतंकी आइएस मॉड्यूल मामले में जांच कर रही एनआइए की महाराष्ट्र शाखा ने हजारीबाग से आतंकी शहनवाज आलम को रिमांड पर ले लिया है। उससे मुंबई में पूछताछ चल रही है। एनआइए को 21 नवंबर तक पूछताछ करने की अनुमति है। एनआइए जांच में खुलासा हुआ है कि शहनवाज आलम और उसके साथी आतंकी देश की शांति व्यवस्था को ध्वस्त करने और देश में जगह-जगह बम ब्लास्ट कर आतंक मचाने की योजना बना रहे थे। इसके लिए उन सभी स्थानों की रेकी कर रखी थी, जहां बम प्लांट होना था। उन्हें विदेश में स्थित आइएसआइएस मुख्यालय से इसके लिए दिशा-निर्देश मिल रहा था। गौरतलब है कि बीते महीने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शहनवाज आलम समेत उसके दो अन्य साथी आतंकी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद एनआइए मुंबई ने उसकी अपने केस में गिरफ्तारी दिखाते हुए छानबीन शुरू की थी।

**दोनों आतंकी तालिबान के संपर्क में थे :** गिरफ्तार दोनों आतंकी तालिबान आतंकी संगठन के संपर्क में थे। साथ ही दोनों इजराइल और फिलिस्तीन के बीच हो रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन को सपोर्ट करने के लिए देश छोड़ने की फिराक में थे। दोनों आतंकी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोगों के संपर्क में थे।

## सीएम ने बीडीओ के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी

**अर्जुन राम पर सरकारी पद का दुरुपयोग करने, अपराधिक षडयंत्र और धोखाधड़ी का है आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार के आरोपी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी है। लातेहार जिला के बालूमाथ थाना कांड संख्या 09/2016 के अभियुक्त तत्कालीन बीडीओ अर्जुन राम के खिलाफ आइपीसी 1880 की धारा 406/409/419/420/34 के तहत अभियोजन का स्वीकृत्यादेश दिया गया है। अर्जुन राम पर बालूमाथ का बीडीओ रहते सरकारी पद का दुरुपयोग करने, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी और सरकारी प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से साजिश के तहत वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप है। मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आयी है कि अर्जुन राम ने इंदिरा आवास योजना के तहत शौचालय सामग्री, धुआं रहित चूल्हा और योजना बोर्ड की आपूर्ति का आदेश बगैर टेंडर निकाले रांची के मेसर्स एके ट्रेडर्स को दे दिया था। इस आपूर्ति के विरुद्ध 41 लाख 69 हजार 880 रुपये का भुगतान किया गया था, जो सरकारी प्रावधान का घोर उल्लंघन है।

## गरीबों को 15 से चना दाल एक रुपया किलो मिलेगी

**वित्त मंत्री ने किया ऐलान, कैबिनेट से मिल चुकी है मंजूरी**

**स्कूली स्कूलों के बच्चों को मिलेगा रागी का हलवा या लड्डू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में गरीबों को एक रुपये किलो चला दाल देने की योजना की शुरुआत 15 नंवबर से होगी। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने इसकी घोषणा की है। इस योजना को पिछले दिनों कैबिनेट से मिल चुकी है। इस योजना का लाभ सभी को नहीं मिलेगा। केवल राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल लाभुकों को ही इसका लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि राज्य में 65 लाख राशन कार्डधारी हैं, जो इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। रामेश्वर उरांव ने बताया कि 15 नवंबर से लाभुकों को प्रति माह एक रुपये किलो दाल दी जायेगी। इसके लिए बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार ने पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक और फैसला लिया है। उधर, राज्य के सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन में अतिरिक्त पोषाहार के तहत बच्चों को बुधवार को मड़ुआ (रागी) का हलवा या लड्डू दिया जायेगा। झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। बुधवार को विद्यालय में अवकाश रहने की स्थिति में यह व्यंजन अगले कार्य दिवस पर देने को कहा गया है।

इडी अधिकारियों के खिलाफ साजिश मामला

## होटवार जेल के जेलर से हुई पूछताछ

**इडी को बड़ा बाबू ने पूछताछ में अधिकारियों के दबाव का किया था जिक्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों ने बुधवार को जेलर नसीम से पूछताछ की। उनसे जेल में बंद मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा इडी अफसरों के खिलाफ रची जा रही साजिश को लेकर सवाल किये गये। साथ ही जेल में न्यायिक हिरासत में वीआइपी कैदियों को क्या-क्या सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं, यह भी पूछा गया। सूत्रों के मुताबिक जेलर ने इडी के कुछ सवालों का जवाब दिया, जबकि कुछ में गोल-मटोल जवाब देकर बचने की कोशिश की। गौरतलब है कि जेल में इडी अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने की सूचना पर एजेंसी ने पिछले दिनों छापा मारा था। सूत्रों के मुताबिक इडी के कई सबूत हाथ लगे हैं। इसके बाद जेल अधीक्षक, जेलर और बड़ा बाबू को पूछताछ के लिए समन किया गया था। मंगलवार को बड़ा बाबू दानिश से पूछताछ की गयी थी। सूत्रों के मुताबिक दानिश ने बड़े अधिकारियों के दबाव में काम करने का जिक्र किया था। बुधवार को जेलर नसीम से पूछताछ की गयी। अब जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से गुरुवार को पूछताछ होगी।



### कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों और डॉक्टर के बीच मारपीट

**गाजियाबाद (आजाद सिपाही)।** कवि कुमार विश्वास एक नये विवाद में घिर गये हैं। उनके सुरक्षाकर्मियों पर एक डॉक्टर ने मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं इस घटना को लेकर कुमार विश्वास ने खुद एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। बताया जा रहा है कि ओवरटेक को लेकर सुरक्षाकर्मियों और डॉक्टर के बीच बहस हो गयी थी। इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में वसुंधरा सेक्टर एक स्थित एलिवेटेड रोड के नीचे डॉक्टर पल्लव कुमार को एक राष्ट्रीय कवि के सुरक्षाकर्मियों द्वारा पीटने का आरोप लगा है। दोनों ओर से थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

### मुख्तार अंसारी के बेटे उमर ने किया सरेंडर

मऊ। माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने मऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट में सरेंडर किया है। उमर मार्च-2022 यानी 19 महीने से फरार था। बुधवार दोपहर को उमर अपने 2-3 वकीलों के साथ चुपचाप श्वेता चौधरी की कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में ले लिया।

### कांग्रेस नेता पवन बंसल से इडी ने पूछताछ की

नयी दिल्ली। इडी ने कांग्रेस के नेता और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री पवन बंसल से दूसरे दिन बुधवार को भी पूछताछ की गयी। बंसल से ये पूछताछ नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर की गयी है। उनसे मंगलवार को भी इस मामले में पूछताछ की गयी थी।


FLORENCE Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

PARADISE FURNITURES
EXCLUSIVE FURNITURE DISCOUNT 15% OFF
World Class Furniture....
7 DAYS OPEN
BIGGEST SHOWROOM SUNDAY OPEN
A HOUSE OF INNOVATIVE (INDIAN) IMPORTED INDOOR & OUTDOOR FURNITURE
Buy Sofa set & get Centre Table FREE
Buy Bed set & get Mattress FREE
Buy Dinning Table & get Cabinet FREE
Buy Mattress & get Bedsheet + Pillow FREE
.... and many more
Exchange Your old furniture Get Flat 30% *off on new furniture! Enjoy Flat 15% off without exchange
0% FINANCE FACILITY
BAJAJ FINSERV
Argora By Pass Road, Harmu, Ranchi
Phone : 0651-2244167, 7781014100, 7781014101, 7781014102

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharma
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5”, 6” Boring
KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802






# पीएम मोदी के स्वागत में सज रहा उलिहातू

## ▪ बाहर से फिट, अंदर से बिखरा सा दिखता है भगवान बिरसा का गांव

## ▪ नेताओं-अफसरों की आवाजाही के बावजूद उदासीन से हैं गांव के लोग

## ▪ तमाम शिकायतों के बावजूद मुफ्त राशन मिलने की बात स्वीकार करते हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

उलिहातू, झारखंड और भारत ही नहीं, दुनिया भर की आदिवासी अस्मिता का प्रतीक वह गांव, जहां 15 नवंबर 1885 को बिरसा मुंडा का जन्म हुआ, जिन्होंने दुनिया भर के आदिवासियों को एक पहचान दी, भारत के आदिवासियों को उलगुलान का नारा दिया और सम्मान से जीने का तरीका सिखाया। आज यह गांव गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है, क्योंकि इस बार 15 नवंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से चल कर यहां आनेवाले हैं और भगवान बिरसा मुंडा को नमन करनेवाले हैं। जब देश के शासन प्रमुख का आगमन हो रहा है, तो स्वाभाविक रूप से इस स्थान का कायाकल्प हो रहा होगा, लेकिन उलिहातू मानसिक रूप से उसी पुरानी स्थिति में है, जिसमें वह आम दिनों में रहता है। सुविधाविहीन शौचालय, जलविहीन नल, पुस्तकविहीन लाइब्रेरी और धूल फांकती एंबुलेंस के अलावा विकास के तमाम दावों को मुंह चिढ़ाते गांव के लोग उलिहातू की हकीकत को सामने लाते हैं। उलिहातू की इसी हकीकत को अपने पाठकों के सामने लाने के लिए आजाद सिपाही की टीम ने वहां का दौरा किया और पीएम मोदी के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के साथ वहां के निवासियों से बातचीत भी की। क्या है उलिहातू की हकीकत और कैसी है तैयारी, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भारत ही नहीं, दुनिया भर के आदिवासियों के सबसे आदरणीय भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जिले का उलिहातू एक बार फिर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा की जयंती मनायी जाती है। इस दिन को जनजाति गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। पीएम मोदी की पहल पर जनजातीय समाज के सम्मान में इस दिन को गौरव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन झारखंड का स्थापना दिवस भी है। पीएम मोदी 15 नवंबर को भगवान बिरसा की जन्मस्थली उलिहातू आने वाले हैं। इसी लिए उलिहातू चर्चा के केंद्र में है। फिलहाल उलिहातू में सरकारी अफसरों, मीडियाकर्मियों, नेताओं और बड़ी-बड़ी गाड़ियों का तांता लगा हुआ है। उलिहातू को सजाया जा रहा है।

### हर तरफ रंग-रोगन का काम चालू

हर तरफ रंग-रोगन का काम चालू है। ऐसा लग रहा है कि यह सब दिवाली के लिए किया जा रहा है, क्योंकि गांव वालों के घरों को भी रंग दिया जा रहा है। लेकिन सच्चाई यह नहीं है। सच्चाई यही है कि पीएम मोदी उलिहातू आनेवाले हैं। इसलिए उलिहातू से जुड़ी सड़कों की मरम्मत की जा रही है। वॉल पेंटिंग का काम जोरों पर है। सड़क किनारे घरों को सफेद रंग से पेंट किया जा रहा है। शौचालयों को चमकाया जा रहा है। उसकी दीवारों पर नये-नये पेंट और चित्रकारी बता रही है कि कोई वीवीआइपी आने वाला है। एक तरफ तो उलिहातू की सड़कें और दीवारें तो चमक रही हैं, उलिहातू में प्रवेश करते ही दीवारों पर वॉल पेंटिंग से उकेरे गये शब्द आपका हार्दिक स्वागत भी करते हैं, लेकिन गांव वालों में उत्साह नजर नहीं आता है। शांति ऐसी कि जेनेरेटर का शोर दूर से ही सुनाई पड़ रहा था। दो जेनरेटर के शोर से पता चल रहा था कि गांव में बिजली कटी हुई है।

### जल से ही है जीवन हमारा, जल बचाओ यह हम सबका नारा, लेकिन कहां है जल

वैसे शौचालय के सामने लगे नल में पानी भी नहीं आ रहा था। नल नया भी लग रहा था, लेकिन शौचालय और वहां बने घरों की दीवारों पर साफ लिखा था, जल से ही है जीवन हमारा, जल बचाओ यह हम सबका नारा। आओ बचायें वर्षा जल और सजायें अपना कल। अब जब जल ही नहीं रहेगा, तो कौन सा जल बचाया जाये। हां जन्मस्थली के बगल में एक पानी की टंकी लगी हुई थी, उसमे पानी भरा था, लेकिन उस पानी का इस्तेमाल बगल में बन रहे घर में किया जा रहा था। सीमेंट मसाला बनाने के लिए। लेबर द्वारा हाथ-पांव धोने के लिए इस्तेमाल में था। अब बारी थी बिरसा मुंडा की जन्मस्थली के भीतर जाने की। कैंपस के भीतर पेंटिंग का काम चालू था। दीवारों पर बहुत ही खूबसूरत सांस्कृतिक पेंटिंग उकेरी गयी थी। बिरसा मुंडा के गर्भगृह के सामने उनके द्वारा उलगुलान के दिनों की तस्वीर को पेंट किया जा रहा था। गर्भगृह आवास में मार्बल उखाड़ कर नये मार्बल लगाये जा रहे थे। बिरसा मुंडा जन्मस्थली के ठीक सामने एक लाइब्रेरी दिखी। लाइब्रेरी इसलिए, क्योंकि उस एक मंजिला भवन के सामने लिखा था बिरसा मुंडा लाइब्रेरी। पेंटिंग का काम चल रहा है। सोचा अंदर चला जाये, लेकिन अंदर जाकर देखा, तो एक भी पुस्तक दिखाई नहीं पड़ी। सोचा कि शायद पेंटिंग के चलते पुस्तकों को कहीं और रख दिया गया होगा। लेकिन गांव वालों से पता चला कि यहां तो किताब है ही नहीं। कोई एनजीओ देखता था पहले, भाग गया है अब। ठीक लाइब्रेरी के बगल में एक टाटा सूमो गाड़ी खड़ी दिखी। एंबुलेंस लिखा हुआ था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गाड़ी महीनों से चली नहीं होगी। धूल फांक रही थी कहा जा सकता है। शायद उस गांव में लोग स्वस्थ होंगे। जरूरत नहीं पड़ती होगी। लेकिन एंबुलेंस खड़ी थी, यह अच्छा है। वहीं सड़क से सटे एस्बेस्टस शीट से एक घर बना हुआ था। उस घर की गरीबी को सफेद रंग के पेंट से ढका जा रहा था। लेकिन उस घर के सामने बैठे लोगों की दशा साफ बता रही थी कि गरीबी का रंग जरा मैला ही होता है। लेकिन चलिए इसी बहाने घर का कायाकल्प तो हुआ।

### केंद्र सरकार की सफल योजना का प्रमाण मिला


भले उस घर की बुजुर्ग महिलाओं को झारखंड के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री का नाम पता न हो, लेकिन यह पता था कि देश के पीएम आ रहे हैं। यह पता था कि उन्हें फ्री राशन मिलता है। केंद्र सरकार की यह योजना इतनी सफल है, इससे यह पता चलता है। न जाने कितने गरीबों का पेट इस योजना से भर रहा है। आज कम से कम देश भूखा नहीं है। गांव वालों से बातचीत करबे के क्रम में पता चला कि उन्हें पीएम मोदी से बहुत कुछ कहना है। लेकिन उन्हें यह भी लगता है कि उनकी यह अभिलाषा शायद पूरी नहीं होगी, क्योंकि उनका कहना था कि पिछले वर्ष जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उलिहातू आयी थीं, तब गामीणो से मिले बिना ही चली गयीं। इससे गामीणो में नाराजगी आज भी है। इससे यह भी पता चलता है कि आदिवासी भूलता नहीं है। उसे सब याद रहता है। चूंकि वे मन के सच्चे होते हैं, बोल देते हैं, जो दिल में होता है, वही जुबान पर होता है। बातचीत के क्रम में यह भी बात साफ हुई कि पीएम मोदी से उन्हें दिक्कत नहीं है। पिछली सरकार से उन्हें परेशानी थी। बातचीत के क्रम में यह समझने को मिला कि अंदर ही अंदर प्रधानमंत्री के आगमन का विरोध भी किया जा रहा है। कुछ लोग घुट्टी पिला रहे हैं। बातों में आ रहे हैं। लेकिन वहीं कुछ लोग पीएम का आना विकास के नये अवसर के रूप में देख रहे हैं। बातचीत से प्रतीत हुआ कि प्रधानमंत्री अगर गामीणों को समय देते हैं, तो झारखंड में जूझ रही भाजपा की एक बड़ी समस्या का हल निकल सकता है। एक मैसेज जायेगा कि पीएम उनकी बातों को सुनने आये हैं। उनकी तकलीफों को समझने आये हैं, न कि सिर्फ माला पहने और भगवान बिरसा को माला पहनाने आये हैं। उलिहातू को देखकर यही लगा कि अभी भी सरकार उस गांव को गोद नहीं ले पायी है। जब कोई वीआइपी आने वाला होता है, तो बड़े-बड़े सरकारी अधिकारी लाव-लश्कर के साथ वहां दिखाई देते हैं। कुछ समय बिताते हैं। दिशा-निर्देश देते हैं। ऐसा लगता है कि कोई इवेंट है। फिर चले जाते हैं। ये लोग ऊपरी सजावट बहुत अच्छे से करवाते हैं, इसमें कोई दो राय नहीं। अभी उलिहातू का पूरा नजारा फिल्मी बना हुआ है। किसी का भी घर उठाकर रंग दो, सड़क के गड्ढों को भर दो, आकर्षक वॉल पेंटिंग करवा दो, सड़क किनारे झाड़ियां काट दो, कहीं भी किसी का भी शौचालय का निर्माण करवा दो, उस पर कलाकारी करवा दो, रंग पोत दो, लेकिन शौचालय खोलने से पता चलता है कि पैन और टाइल्स पानी के लिए अरसे से तरस रहे हैं। ऐसा लगता है कि कोई जाता ही नहीं है। अभी फिलहाल सरकारी अधिकारियों जैसे डीसी, डीडीसी, एसडीएम, बीडीओ, एसपी सब उलिहातू पहुंच रहे हैं।

### एक दूकान वाले की हो गयी चांदी, खुब बिक रहा आलू चॉप, धुस्का और गुलगुला

उलिहातू फिलहाल कुछ लोगों के लिए पिकनिक स्पॉट बना हुआ है। और उसका पूरा फायदा ठीक जन्मस्थली के बगल में स्थित खाने-पीने की दूकान को मिल रहा है। मूढ़ी, चना, आलू चॉप, धुस्का, गुलगुला सब बिक रहा है। दूकान का मालिक पूरा खुश है। लेकिन आलू चॉप में नमक कम डाल रहा है और गुलगुला में चीनी कम। जिसकी तारीफ बीपी और शुगर वाले मरीज करते नहीं थक रहे। लेकिन मुझे फीकी लगी, क्योंकि मुझे इनमे से कोई रोग नहीं है।

थोड़ा समय बिताने के बाद, वहां मुलाकात हुई अनूप साहू से। अनूप साहू अड़की से सांसद प्रतिनिधि हैं। वह पीएम मोदी के आगमन को लेकर काफी उत्साहित नजर आये। उन्होंने कहा कि पीएम का झारखंड आना एक अच्छा संयोग है। वह झारखंड स्थापना दिवस के साथ-साथ बिरसा मुंडा की जयंती, जिसे जनजाति गौरव दिवस के रूप मैं मनाया जाता है, के दिन आ रहे हैं। पीएम आयेंगे तो राज्यवासियों के लिए विकास की सौगात जरूर लायेंगे। पीएम मोदी ने आदिवासियों और झारखंड की जनता के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने कई साड़ी योजनाओं का शुभारंभ झारखंड से किया है। अनूप साहू के साथ अड़की के मंडल अध्यक्ष मोती पातर और पूर्व मुखिया शिव चरण मुंडा भी उपस्थित थे। जिन्हे मुंडारी भाषा का भी ज्ञान था। उन्होंने हमें ग्रामीणों से बातचीत करने में भी मदद की। गाओं के ज्यादातर बुजुर्ग मुंडारी भाषा ही समझते हैं। कुल मिलकर लबोलुआब यही है कि पीएम के आने से झारखंड तो उत्साहित है लेकिन उलिहातू में ग्रामीणों का मिला जुला रिएक्शन है।

















### बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा की पत्नी लखमणी मुंडा से बातचीत

हमने पेड़ के नीचे बैठी बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा की पत्नी लखमणी मुंडा से बातचीत की। वह मुंडारी भाषा समझती हैं। हिंदी नहीं आती है। मुंडारी और हिंदी भाषा के एक जानकार को साथ में बिठाया। फिर उनसे कुछ सवाल पूछा। हमने पूछा, आपको पता है कि कौन आने वाला है। वह चुप रहीं। फिर सवाल किया कि क्या आपको पता है प्रधानमंत्री आनेवाले हैं। उन्होंने जवाब दिया कि हां, यह पता है कि प्रधानमंत्री आने वाले हैं। फिर सवाल किया कि क्या आपको पीएम का नाम पता है। उनका जवाब था, नहीं। फिर सवाल किया कि क्या आपको झारखंड के सीएम का नाम पता है। उनका जवाब था, नहीं। फिर सवाल किया कि क्या आपने हेमंत सोरेन का नाम सुना है। उनका जवाब था, नहीं। फिर सवाल किया कि क्या आप लोगों को फ्री में राशन मिलता है। उनका जवाब था, हां मिलता है। यह जवाब सुकून देने वाला था। यह जवाब किसी सरकारी योजना की सफलता का प्रमाण था। आज देश में कोई भूखा पेट नहीं सो रहा है, इससे यह सिद्ध होता है। फिर सवाल किया कि आप लोगों के घरों को रंगा जा रहा है, यह तो फायदा हो गया न, तो उनका जवाब था, पता नहीं। उनकी और ग्रामीणों की एक बात को लेकर शिकायत थी कि वे लोग 15 नवंबर के दिन भगवान बिरसा मुंडा की पूजा करते हैं, लेकिन जब-जब सरकारी प्रोग्राम होता है, उनको पूजा-पाठ करने नहीं दिया जाता है या फिर देर हो जाती है। वे खड़े ही रह जाते हैं। गांव वालों से बातचीत के क्रम में पता चला कि उलिहातू में कुछ शहीद आवास भी बने हैं, जो दूसरे परिवार के लोगों को मिले हैं। गांववाले पीएम के आगमन को लेकर फिलहाल बहुत उत्साहित नहीं दिखे। उन्हें सरकारी अधिकारियों के आने-जाने से भी कोई ज्यादा अपेक्षा नहीं दिखी। उनका कहना था कि यह तो हर साल का लगा रहता है। या जब भी यहां कोई सरकारी प्रोग्राम होता है, लोग आते हैं, बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। कभी-कभी तो मन करता है कि नेता लोग को रोक के पूछें कि भाई इतना झूठ कैसे बोल लेते हो। बड़ा सरकारी अधिकारी से पूछ नहीं सकते, उनके साथ बहुत पुलिस वाला सब रहता है। मीडिया वाला भी प्रोग्राम के समय ही दिखता है, बातचीत करता है। पेपर में छपता भी है लेकिन होता कुछ नहीं है। वैसे गांव वालों का बोलना सच भी है। मैं भी कई बार उलिहातू गया, लेकिन उलिहातू का विकास जैसा होना चाहिए था, वैसा दिखता नहीं।




सहयोग- स्वरूप भट्टाचार्य (तमाड़), छायांकन प्रदीप ठाकुर (रांची)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 29.2 °c | 14.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.57 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## झारखंड भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक

# पीएम मोदी ने जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया : बाबूलाल

**हजारों की संख्या में आदिवासी पारंपरिक परिधान, ढोल-नगाड़ा-मांदर और खोड़हा नृत्य समूह के साथ होंगे शामिल**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मोर्चा के रांची महानगर और रांची ग्रामीण के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित हुए। यह बैठक पीएम नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित उलिहातू यात्रा को लेकर आयोजित की गयी थी। पीएम मोदी 15 नवंबर को धरती आबा बिरसा मुंडा जयंती और जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में उलिहातू आ रहे हैं। बैठक में तय किया गया कि जनजाति आदिवासी समाज के लोग हजारों की संख्या में पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्र और पारंपरिक खोड़हा नृत्य टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

बैठक में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव ही आदिवासियों की चिंता करती रही है। अटल विहारी वाजपेयी ने आदिवासियों के लिए अलग राज्य बनाया। उन्होंने आदिवासियों के लिए अलग जनजाति मंत्रालय का गठन किया। अटल जी के काम को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज के गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कई ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा कर देश के सभी जनजाति स्वतंत्रता सेनानी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।। देश में पहली बार आदिवासी समाज की बेटी को राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जल-जंगल-जमीन और आदिवासी के नाम पर राजनीति कर सत्ता में आये, लेकिन पिछले चार वर्षों में उनके विकास कार्यक्रम में आदिवासी की कहीं कोई चर्चा नहीं हुई। इसके उलट हेमंत सरकार में आदिवासी बच्चियों और महिलाओं से दुष्कर्म और हत्या की घटना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के रामेश्वर मुर्मू, रूपा तिर्की, संध्या टोपनो, रुबिका पहाड़िया की हत्या यह बताता है कि हेमंत सरकार में आदिवासी समाज सुरक्षित नहीं है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, रामकुमार पहान, अशोक बड़ाइक, बिंदेश्वर उरांव, आरती कुजूर, सुनील फकीरा कच्छप, रूप लक्ष्मी मुंडा, अनु लकड़ा, रवि मुंडा, नकुल तिर्की, अनुराधा मुंडा, इंदीया टोप्पो, बिरसा पहान, सुनील उरांव, रितेश उरांव, नूतन पहान, बुधराम बेदिया, बुधु पाहन, अरुण पहान, प्रभु दयाल बड़ाइक, सत्यसेव मुंडा, अर्जुन मुंडा, दीपक लोहरा, अरविंद उरांव, प्रदीप महली, अंजली लकड़ा, अनिता गाड़ी, सोनी हेमरोम, जयश्री इंदवार, बासुदेव टोप्पो सहित कई जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ चुनावी दौरे में पीएम से मिले संजय सेठ



**चुनाव की तैयारी और जनता के उत्साह से पीएम को अवगत कराया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर चल रहे प्रवास के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरजपुर जिले में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भाजपा संगठन की तरफ से इस जिले का प्रभार रांची के सांसद संजय सेठ को दिया गया है। इस जिले में तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवास के क्रम में सांसद संजय सेठ ने भी उनसे मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने उनसे विधानसभा चुनाव की स्थिति से संबंधित जायजा लिया। विशेष रूप से सूरजपुर जिला और इसके अधीन पढ़ने वाले तीन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित जानकारी सांसद ने पीएम को दी। उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बहुत अच्छी स्थिति है। कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता में भी जबरदस्त उत्साह है। तीनों सीटों पर कमल फूल खिलेगा, इस बात का आशीर्वाद यहां की जनता ने दे दिया है। सांसद ने प्रधानमंत्री के समक्ष स्थानीय कार्यकर्ताओं की मेहनत और उत्साह की भी सराहना की। प्रधानमंत्री ने सांसद श्री सेठ को कार्यकर्ताओं के बीच रहने, उन्हें उत्साहित करने और ऊर्जनवित करने का निर्देश दिया। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने जनजातीय गौरव दिवस, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को झारखंड आगमन को लेकर उन्हें जोहार कहा। सांसद ने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि झारखंड की जनता उनका बेसब्री से इंतजार कर रही है। भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर प्रधानमंत्री का आगमन संपूर्ण झारखंड के लिए गौरव की बात होगी।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा और महत्वपूर्ण पद पा सकेंगे।
- **वृष** — विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।
- **मिथुन** — अनेक रचनात्मक कार्यो की प्रेरणा मिलेगी, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
- **कर्क** — शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।
- **सिंह** — आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा,आर्थिक लाभ,घर में खुशी का वातावरण।
- **कन्या** — अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी.अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।
- **तुला** — नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।
- **वृश्चिक** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- **धनु** — सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी,सरकारी कार्य में प्रगति होगी।
- **मकर** — मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।
- **कुंभ** — आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते है।
- **मीन** — आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

## एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ ने सीएस कार्यालय के समक्ष दिया धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ ने सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इस दौरान संघ की प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने कहा कि ड्यूटी के दौरान रातू सीएचसी में अनुबंध पर काम करने वाली नर्स सायनी हेरेंज को बाइक सवार युवक ने धक्का मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गयीं। नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद गुरु नानक अस्पताल और फिर रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। मीरा ने मांग की है कि मृतक के आश्रित को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मुआवजा दिया जाये, साथ ही आश्रित को नौकरी दी जाये।

**अपने हक के लिए करना पड़ता है आंदोलन :** वहीं वीणा कुमारी ने कहा कि हम सभी लोग पिछले 15 साल से भी ज्यादा समय से अनुबंध पर काम कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार से लेकर वर्तमान सरकार ने स्थायी करने का सिर्फ आश्वासन दिया, लेकिन स्थायी किया नहीं गया। उन्होंने कहा कि जनवरी महीने में राजभवन के समक्ष धरना दिया। भूख हड़ताल पर भी रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ वार्ता हुई, लेकिन 10 महीने के बाद भी हमारी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। अपने हक के लिए बार-बार हम सभी को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ता है।

### आश्रित की नौकरी के लिए सरकार से करेंगे पत्राचार: सिविल सर्जन

इस मामले पर रांची सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि मृतक के साथ हमारी संवेदना है। मैं अनुबंध कर्मियों के आंदोलन के साथ हूं। मृतक के आश्रित अगर योग्य हैं, तो उनकी नौकरी के लिए सरकार के साथ पत्राचार करेंगे। वहीं अन्य मांगों को भी सरकार और विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखा जायेगा।

## हाइकोर्ट से मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित को मिली जमानत

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** 75 करोड़ रुपये का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञानप्रकाश सरावगी की जमानत याचिका पर बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने सरावगी के एक साल सात माह जेल में बिताने की अवधि को देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की। सरावगी के चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीस अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी। ज्ञान प्रकाश सरावगी को इडी ने इसीआइआर 1/2022 दर्ज करते हुए धन-शोधन (मनी लांड्रिंग) मामले में 29 मार्च, 2022 को गिरफ्तार किया था। बैंक आफ इंडिया और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 75 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत अनुसंधान कर रही इडी कांके रोड निवासी बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी सहित 10 आरोपितों के खिलाफ इडी की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। अन्य आरोपितों में ज्ञान प्रकाश सरावगी का चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीस अग्रवाल, अमित सरावगी, अभिषेक अग्रवाल और उनकी छह कंपनियां शामिल हैं। जांच के दौरान इडी ज्ञान प्रकाश सरावगी की अब तक 38 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। इडी के अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया है कि जिन पर पहले से ऋण था, उन्हीं कागजातों पर आरोपितों ने दोनों बैंकों को 75 करोड़ रुपये का ऋण लेकर चूना लगा दिया था।

## धनतेरस कल, हस्त नक्षत्र का बन रहा योग

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में इस बार धनतेरस 10 नवंबर (शुक्रवार )को मनाया जायेगा। इस दिन त्रयोदशी तिथि दिन में 11.47 बजे प्रारंभ होगी और 11 नवंबर को दिन में 1.13 बजे समाप्त होगी। धनतेरस की पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है, इसलिए यह पूजा 10 नवंबर को ही मनाया जायेगा। पंडित राजेंद्र पांडेय ने बुधवार को बताया कि इस बार धनतेरस में शुभ संयोग बन रहे हैं। हस्त नक्षत्र योग होने से व्यापारियों को लाभ मिलेगा। इस नक्षत्र में की गयी खरीदारी स्थायी होगी। उन्होंने बताया कि धन त्रयोदशी के दिन सोना, चांदी, वाहन, जमीन, घर, इलेक्ट्रिक सामान आदि खरीदना सुख और समृद्धि का कारक है। इस दिन घर के दरवाजे पर स्वास्तिक का चिह्न अंकित करने से घर में सौभाग्य और खुशहाली आती है। इस दिन यम दीप दान करने का विधान है, इससे अकाल मृत्यु भय दूर होता है। संध्या काल में पुराने दीये में तेल डालकर घर के बाहर जलाया जाता है।

## डीजीपी ने झारखंड पुलिस का 'प्रतिबिंब' ऐप किया लांच




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को झारखंड पुलिस का 'प्रतिबिंब' एप लांच किया। यह ऐप देशभर में साइबर ठगी में उपयोग किये जानेवाले मोबाइल नंबर का भौगोलिक लोकेशन बतायेगा। इसको इंस्टॉल करने से वैसे सभी मोबाइल नंबरों का भौगोलिक लोकेशन देखा जा सकेगा, जो साइबर क्राइम में देश भर में उपयोग किये गये हैं। यह डाटा पूरे देश के नक्शे पर आयेगा, जिससे किसी भी राज्य के क्षेत्र में अपराधियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे मोबाइल नंबरों की भौतिक या भौगोलिक लोकेशन नजर आ सकेगी।

**साइबर अपराध में झारखंड देश में दूसरे, राजस्थान पहले नंबर पर :** साइबर अपराध के मामले में राजस्थान के बाद झारखंड देशभर में दूसरे स्थान पर है। झारखंड में पिछले साढ़े चार साल (साल 2019 से जुलाई 2023 तक) में साइबर अपराध के 5350 मामले सामने आये हैं। इसमें 1432 मामले सिर्फ रांची जिले में दर्ज हुए हैं। इसके अलावा धनबाद में 496, देवघर में 405, जमशेदपुर में 384 और हजारीबाग में 348 मामले दर्ज हुए। साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रांची में वर्कशॉप चल रहा है। इसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और यूपी के अधिकारियों के साथ इडी, सीबीआइ, डीओटी, डीआइबी और आरबीआइ के अधिकारी भी शामिल हुए।

## पूर्व सीएम मधु कोड़ा को हाइकोर्ट ने दी बड़ी राहत

# मनी लांड्रिंग केस में ट्रायल पर लगायी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के खिलाफ मनी लांड्रिंग केस में चल रहे ट्रायल पर झारखंड हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। मधु कोड़ा ने रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक के लिए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने के साथ ही अदालत ने इस केस से जुड़े सभी दस्तावेज (एलसीआर) भी हाइकोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। मधु कोड़ा की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और हाइकोर्ट के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने बहस की।

### जांच सीबीआइ और इडी ने की है

दरअसल मनी लांड्रिंग केस के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ वास्तावड़े समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ इडी कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। मधु कोड़ा के मुख्यमंत्री काल में उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने का आरोप लगा है। इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआइ और इडी ने की है।

## हाइकोर्ट ने विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी पर इडी से मांगा जवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ की जमीन खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश की ओर से दायर अलग-अलग जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रेम प्रकाश की जमानत पर इडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर निर्धारित की है। साथ ही विष्णु अग्रवाल की जमानत पर कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए 11 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में विष्णु अग्रवाल और प्रेम प्रकाश के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाये। न्यायाधीश दीपक रोशन की कोर्ट में सुनवाई हुई। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को रात करीब 10 बजे इडी ने विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-101-105-2023, दिनांक: 06.11. 2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., निविदा सूचना सं., कार्यो का नाम : (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-101-2023,** रांची : एडीईएन/आरएनसी के क्षेत्राधिकार में आरडीएसओ के तकनीकी विनिर्देश के अनसार ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूब्रिकेटर 134 अदद (हाइड्रोलिक/इलेक्ट्रॉनिक टाइप) की सम्पूर्ण प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना और संचालन (5 वर्षों के लिए)। **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-102-2023,** गुंड्डाबिहार डिपो में 24000 घन मिमी. 50 मिमी गेज हार्ड स्टोन मशीन क्रश्ड ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति, जिसमें उसे रेलवे वैगन/हॉपर में लादना और रांची मंडल में उतारना शामिल है। **(3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-103-2023,** सीएनआई-मुरी खंड में मौजूदा एलसी सं. सीएम-44 के बदले आरओबी का प्रावधान। **(4) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-104-2023,** रांची मंडलः एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में आरडीएसओ के तकनीकी विनिर्देश के अनसार ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूब्रिकेटर 134 अदद (हाइड्रोलिक/इलेक्ट्रॉनिक टाइप) की सम्पूर्ण प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना और संचालन (5 वर्षों के लिए)। **(5) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-105-2023,** रांची मंडलः एडीईएन/दक्षिण/हटिया के क्षेत्राधिकार में आरडीएसओ के तकनीकी विनिर्देश के अनसार ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूब्रिकेटर 134 अदद (हाइड्रोलिक/इलेक्ट्रॉनिक टाइप) की सम्पूर्ण प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, चालू करना और संचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य :** ₹ 9,97,20,388/- (क्रम. स. 1 के लिए), ₹ 4,45,12,080/- (क्रम. स. 2 के लिए), ₹ 15,04,25,967.79 (क्रम. स. 3 के लिए), ₹ 3,94,41,646/- (क्रम. स. 4 के लिए) एवं ₹ 3,64,64,918/- (क्रम. स. 5 के लिए)। **बयाना राशि :** ₹ 6,48,600/- (क्रम. स. 1 के लिए), ₹ 3,72,600/- (क्रम. स. 2 के लिए), ₹ 9,02,100/- (क्रम. स. 3 के लिए), ₹ 3,47,200/- (क्रम. स. 4 के लिए) एवं ₹ 3,32,000/- (क्रम. स. 5 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 28.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे प्रत्येक के लिए। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए बेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-785)

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं: (1) ई निविदा सं0 :** पूमरे– मुप्रअ– नि– द– ईटीईएन – 47 –23–24 एकल पैकेट सिस्टम **कार्य का नाम:** टोरी–शिवपुर खंड के बीच नई तीसरी लाइन के संबंध में जिसमे किमी–0.00 से किमी–3.00 के बीच कटिंग, फिलिंग, छोटे पुलो का विस्तार, गिट्टी आपूर्ति, गिट्टी फैलाना, ट्रैक लिंकिंग, यार्ड रिमॉडलिंग, पी.वे सामग्री का परिवहन और अन्य संबंधित कार्य में मिट्टी का काम आदि शामिल है। **अंकलित मूल्य (रू):** 9,62,73,176.52, **बोली प्रतिभूति (रू):** 6,31,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 महीने **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 23.11.2023, 15.30 बजे, ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रुघाट, पटना**

पीआर/01578/सीओएनएस/ईएनजी/टी/23-24/52

# जेएमएम की पीएम मोदी से एचइसी को बचाने का आग्रह, बकाया 36 लाख करोड़ की भी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पीएम नरेंद्र मोदी से एचइसी को बचाने की अपील की है। साथ ही केंद्र के पास झारखंड की बकाया राशि देने की भी डिमांड की है। केंद्रीय कार्यालय, रांची में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 15 नवंबर को झारखंड के स्थापना दिवस पर पीएम के आगमन का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे मौके पर उन्हें चाहिए कि वे एचइसी को बचाने की पहल भी करें। देश के पहले पीएम नेहरू और इस राज्य की माटी के लाल इंजीनियर कार्तिक उरांव ने जिस औद्योगिक संस्थान को खड़ा किया था, उस भाजपा के शासन काल में पिछले 10 सालों में बर्बाद कर दिया गया। नतीजा यह है कि पिछले 2-3 सालों से एचइसी के कर्मी मरणासन्न स्थिति में हैं। एचईसी के उद्धार के अलावा झारखंड का जो केंद्र के पास 36 लाख करोड़ बकाया है, उसे भी वे दिलायें। आदिवासी, मूलवासियों के लिए जो राज्य सरकार की योजनाएं हैं, उसे पूरा करने में मदद करें।

### आदिवासी हित के नाम पर केवल दिखावा

सुप्रियो भट्टाचार्य के मुताबिक मध्य प्रदेश में 15 नवंबर को चुनाव होने हैं। वहां बड़ी संख्या में आदिवासी सीटें भी हैं। कहीं ऐसा ना हो कि झारखंड में आदिवासी के नाम पर किसी तरह की घोषणा से वोट पर असर पड़े। इस केंद्र सरकार में लगातार आदिवासी, मूलवासियों, अकलियतों के खिलाफ अत्याचार बढ़ा है। अभी मिजोरम में चुनाव भी हो गये, पर पीएम वहां नहीं गये। आदिवासियों की जलती पहचान को बचाने की जिम्मेदारी उन्होंने नहीं ली। उन्हें आदिवासियों पर केवल बात करना अच्छा लगता है। पिछली बार झारखंड के राज्य स्थापना दिवस समारोह पर पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रांची आना था, पर उस दिन वह मध्यप्रदेश चली गयीं। अबकी 15 नवंबर को जब पीएम खूंटी (झारखंड) आ रहे हैं, तो भाजपा अपना कार्यक्रम ना कर ले। इस दिन पूरे राज्य के लिए उत्सव का दिन है। पीएम अगर झारखंड आगमन पर एचइसी को बचाने के लिए पहल नहीं करते हैं तो इसका गलत मैसेज जायेगा। 2024 में उन्हें पता लग जायेगा कि कैसे वे किसी खास औद्योगिक समूह को आगे बढ़ाने में लगे हैं और देश को बर्बाद करने में लगे हैं।

## डीआइजी से मिला जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के हजारीबाग प्रवास के दौरान कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश प्रसाद स्वर्णकार अरविंद सेठ और नगर अध्यक्ष प्रभात कुमार राम के साथ मिलकर स्थानीय संगठन के बारे में चर्चा किया तथा अनुशासन समिति के द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई के बारे में अवगत कराया। यादव ने हजारीबाग कांग्रेस नेता डॉक्टर प्रकाश कुमार के ऊपर जानलेवा हमले किये जाने के विरोध में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीआइजी हजारीबाग से मुलाकात की। अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसआइटी का गठन करते हुए आरोपी के गिरफ्तारी की मांग किया है।

## अबुआ आवास योजना को लेकर कार्यशाला




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अबुआ आवास योजना का शुभारंभ के लिए समाहरणालय सभागार कोडरमा जिला में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज शामिल हुए। उप विकास आयुक्त ने अबुआ आवास योजना की मुख्य विशेषताएं की जानकारी दी। आवेदन के साथ लाभुक अपना जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ आवेदन पूर्ण रूप से भरा हो ताकि उनका एप्पलीकेशन में इंट्री किया जा सके। आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि 2 लाख रुपया प्रति इकाइ है। आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जायेगा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से एक महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे। कार्यशाला में मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला परिषद कोडरमा, निदेशक डीआरडीए, उपाध्यक्ष, सभी जिला परिषद सदस्य, जिला समन्वयक, जिला प्रशिक्षण समन्वयक, सभी प्रखंड प्रमुख कोडरमा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक कोडरमा और ऑनलाइन माध्यम से मुखिया और पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला




**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत और पूर्णानगर के पंचायत सचिवालय में जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। पंचायत सचिवालय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल गुणवत्ता निगरानी तथा अनुश्रवन से संबंधित पंचायत के सभी जलसहिया, जल सखी पानी समिती के महिला, वार्ड सदस्यों को जल की गुणवता जांच से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चोपनाडीह मुखिया पुनम कुमारी, पूर्णानगर मुखिया, दोनों पंचायत के सभी वार्ड सदस्य गण, जिला क्वालिटी मैनेजर रामपुकार, टेक्निकल मैनेजर पंकज कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राम कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने कहा कि आज दूषित जल के सेवन से कई बीमारियां हो रही है। मौके पर जिला क्वालिटी मैनेजमेंट रामपुकार प्रसाद, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राम कुमार और लैब टेक्नीशियन मनीष कुमार के द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रखंड के सिमरिया पंचायत और दशारोखुर्द पंचायत सचिवालय में बुधवार को जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित दशारोखुर्द मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव, सिमरिया पंचायत मुखिया सुनीता देवी, दोनों पंचायत के सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## तिलेश्वर साहू सेना की पंचायत कमेटी का विस्तार



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** तिलेश्वर साहू सेना के पंचायत स्तरीय कमिटी विस्तार को लेकर चंदवारा प्रखंड के आरागारो पंचायत अंतर्गत ग्राम जौंगी के शिव मंदिर प्रांगण में पिंटू साव के नेतृत्व में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भोला साव व संचालन शिवशंकर प्रसाद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के भावी विधायक माननीय अरुण साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि अरूण साहू को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अरुण साहू ने सबका आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि तिलेश्वर साहू सेना संगठन झारखंड का उभरता हुआ संगठन है। बैठक में सभी अतिथियों ने बारी-बारी से अपना विचार व्यक्त किया और तिलेश्वर साहू सेना संगठन के विचारों से प्रभावित होकर संगठन से जुड़कर कार्य करने का प्रण लिया। मौके पर मुख्य रूप से तिलेश्वर साहू सेना के चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष सह चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष रामेश्वर दास, बरही प्रखंड मीडिया प्रभारी बबलू साहू, सुखदेव साव, भोला साव, अर्जुन साव, राजेश रविदास, मोहम्मद यूसुफ, राजेश सिंह, संजय पासवान, दिनेश साव, राजन रविदास, बालदेव साव, अजय साव, परमेश्वर साव, पप्पू साव, दुर्गा साव, मंदोदरी देवी, देवंती देवी, रानी देवी, कुसुम देवी, रामदुलारी देवी, मंगरी देवी, शांति देवी आदि मौजूद थे।

### 'आपका एक दीया शहीदों के नाम' का हुआ भव्य आयोजन

# 1001 दीपों के प्रकाश से जगमगाया शहीद स्मारक

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** देश की रक्षा और उन्नति के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देश के वीर अमर जवानों ने सरहद की रक्षा में अपनी जान की बाजी लगा दी। उन तमाम देशभक्त अमर शहीद जवानों की शहादत की याद में और उन्हें नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि देने हेतु बुधवार शाम शहीदों के नाम करने हेतु लगातर सातवां साल स्थानीय हजारीबाग परिषद के सामने अवस्थित शहीद स्मारक परिसर में 'आपका एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने दिया जला कर देश के लिए शहीद होने वालों को याद किया। इस दौरान शहीद सुभाष बारला की मां को सॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। आरंभ बैंड ने मन मोहक प्रस्तुति देकर और देश भक्ति गाना गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। आयोजन समिति से जुड़े सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि वर्ष 2017 से समाज को शहीदों के प्रति सम्मान और उन में राष्ट्रप्रेम का जज्बा जागृत करने हेतु इस कार्यक्रम की शुरूआत बहुत ही छोटे स्तर से की गयी थी लेकिन धीरे-धीरे यह कार्यक्रम बेहद लोकप्रिय होता गया और अब इस कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बनती है। कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, डिप्टी चेयरमैन किशुन यादव, नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव, आयोजन समिति के सदस्य सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, रंजन चौधरी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह प्रोफेसर शंकर चंद्र पाठक और युवा पत्रकार रवि कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, विवेकानंद सिंह, हर्ष अजमेरा, रमेश हेंब्रम, सुनील कुमार, रवि सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, रेणुका देवी, ज्योत्षना देवी, अजय मिश्रा, दामोदर सिंह, अजय साव, शिवलाल महतो, कुमकुम देवी, सुदेश चंद्रवंशी, करण जायसवाल, राकेश गुप्ता, नीरज पासवान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 1536 बोतल शराब जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने 1536 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त कर मामला दर्ज किया है। इस बाबत बताया गया कि मिली गुप्त सूचना पर छापेमारी की गयी। जिसमें मडमो डुमरियाटांड़ से सफेद रंग की बोलेरो पिकअप वाहन में बैगन और बंधगोभी की आड़ में छुपा कर 28 कार्टून रॉयल चैलेंज, और 36 कार्टून रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब को जब्त किया गया। छापेमारी टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह शामिल थे।

## यूआरटीसी की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** भारत के आजादी के 75 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान रिलीज यूटीआरसी 2023 के सन्दर्भ में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में अंतिम बैठक बुधवार को व्यवहार न्यायालय कोडरमा स्थित प्रभारी प्रधान जिला जज के प्रकोष्ठ में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के प्रभारी प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार तरुण कुमार ने की।

बैठक में प्रभारी प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार तरुण कुमार, कोडरमा के पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनुदीप सिंह, अपर समाहर्ता कोडरमा अनिल तिर्की, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की प्रभारी सचिव कंचन टोप्पो, पुलिस निरीक्षक राम नारायण ठाकुर, जेल कर्मी मैमुद्दीन अंसारी, राजीव कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नाना, नाती के अपहरण मामले का उद्भेदन

# दो महिला समेत चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के तिलैया डैम ओपी अंतर्गत नाना व नाती का अपहरण किये जाने के मामले का उद्भेदन करते हुए दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बुधवार देर शाम पत्रकार वार्ता में बताया कि एक मामला वादी मितलाल महतो ने दर्ज कराया था। आवेदन में भिखारी महतो उम्र 50 वर्ष पिता स्व धनी महतो, कांटी, तिलैया डैम और इनके परिवार के सदस्यों व अन्य अज्ञात लोगों द्वारा वादी के पिता रामविलास महतो एवं भांजा नितिश कुमार का अपहरण का आरोप लगाया गया था। मामला दर्ज होने के बाद कांड के उद्भेदन को लेकर माईका अंचल निरीक्षक निरंजन उरांव, डैम प्रभारी अमृता खलखो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में सूचना संकलन के आधार पर छापेमारी करते हुए अपहत रामविलास महतो एवं नितिश कुमार को सकुशल बरामद किया गया। वहीं कांड में संलिप्त 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अपहरण में प्रयुक्त चार पहिया सवारी वाहन और मोटरसाईकिल को जब्त किया गया। एसपी अनुदीप सिंह ने आगे बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर इस घटना का मुख्य कारण पूर्व का सम्पत्ति विवाद बताया गया। मामले में चंदन कुमार पोदमी देवी, करिश्मा देवी और नीना देवी को गिरफ्तार किया गया जो आपस में रिश्तेदार हैं। मामले के उद्भेदन में माईका अंचल इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, रामनरायण ठाकुर, डैम प्रभारी अमृता खलको, क्लेमेन्ट लिंडा, उमेश कुमार सिंह व क्यूआरटी टीम और तिलैया डैम ओपी, जयनगर के सशस्त्र बल की भूमिका रही।

## सखुवा लकड़ी का वोटा जब्त

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने एक ट्रैक्टर सखुवा लकड़ी का वोटा जप्त कर मामला दर्ज किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि लकड़ी तस्करी की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस पदाधिकारी अनुज उरांव को सूचना दी गयी। अनुज उरांव के नेतृत्व में बिना नंबर के स्वराज ट्रैक्टर को बेड़ा हरियारा जंगल के पास से पकड़ा गया। जिसमे सखुवा लकड़ी का बोटा दस पीस समेत ट्रैक्टर को जब्त किया गया। छापेमारी टीम में विष्णुगढ़ थाना के पुअनि सेतलाल बारला, सअनि मनोज कुमार, प्रेम पीटर बाखला आदि शामिल थे।

## हनुमान चालीसा पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार की शाम विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन मंदिर के पुजारी आचार्य अधीन पांडे की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शंख ध्वनि के साथ हुआ। तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया जिसमें मरकच्चो के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान हनुमान जी के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। मौके पर पूजा समिति के सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिन्हा, रविंद्र पांडे, दिगंबर सिंह, सतीश सिंह, पवन पांडे, निरंजन पांडे, नकुल यादव, लक्ष्मण सिंह, मनोज सिंह, सुरेश राणा, मुन्ना ठाकुर, शंकर पांडे समेत सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज की बैठक में लिये गये कई प्रस्ताव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को झारखंड राज्य पेंशन समाज जिला शाखा कोडरमा की मासिक बैठक नारायण मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें कई प्रस्ताव लिए गये। बैठक में कहा गया कि जो भी पेंशनभोगी पारिवारिक पेंशन भोगी जिस किसी बैंक शाखा से पेंशन प्राप्त करते हैं वह निश्चित रूप से नवंबर में ही अपना जीवन प्रमाण पत्र अपने बैंक शाखा में जमा कर दें ताकि उनका पेंशन प्रभावित नहीं हो। वहीं 10 को जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में समस्या ग्रस्त पेंशनर की समस्याओं पर सुनवाई करने की जानकारी दी गयी जिसमें समस्याओं का समाधान होगा। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा नारायण सिंह, अर्जुन दुसाध, मदन मोहन ओझा, मोती देवी, पोरेस चंद कंसमनिक, राजेंद्र सिंह, यदुनंदन प्रसाद, नारायण मोदी, नागेश्वर प्रसाद सिंह, नरेश झा, इब्नूल हसन आदि मौजूद थे।

# पुनः बहाली की मांग पर सीटू ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर राज्य स्तरीय आह्वान पर बुधवार को पोषण सखी समन्वय समिति (सीटू) के बैनर तले जिला समाहरणालय पर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के समीप अम्बेडकर पार्क से जिला मुख्यालय तक एक जुलूस भी निकाला गया। जिसमें झारखंड सरकार होश में आओ, पोषण सखी को फिर से बहाल करना होगा, महिलाओं को नौकरी देना होगा, नौकरी नहीं तो वोट नहीं आदि आक्रोश पूर्ण नारे लगाये जा रहे थे। प्रदर्शन स्थल पर पोषण सखी संघ की जिला सचिव जरीना खातुन की अध्यक्षता व रेशमी कुमारी के संचालन में हुई सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि झारखंड के छह जिलों मे आंगनबाड़ी मे कार्यरत 10388 पोषण सखी को केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा दिया जाने वाला फंड बंद कर दिये जाने के कारण एक झटके में पिछले वर्ष अप्रैल में हेमंत सोरेन सरकार ने इन्हें हटा दिया। आज उनके सामने भूखमरी की स्थिति हो गई है। सड़क से न्यायालय तक लगातार संघर्ष कर रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सरकार रोज रिक्तियां भरने की बात कर रही है, दूसरी तरफ दस हजार पोषण सखी अपनी रोजगार वापसी के लिए दर दर भटक रही है। झारखंड सरकार को इन हजारों पोषण सखी की तकलीफ को समझना चाहिए और इनकी पुनः बहाली पर विचार किया जाना चाहिए। प्रदर्शन उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय में सौंपा गया। प्रदर्शन में जरीना खातुन, पिंकी दास, रेशमी कुमारी, शाहीना प्रवीण, शबाना आजमी, प्रमीला देवी, प्रीति कुमारी, शिल्पी देवी, सरिता कुमारी, बेबी कुमारी, बंटी देवी, ममता भारती, जेबा प्रवीण, उषा देवी, सोनी कुमारी, अनीता देवी, सिमरन देवी, मुनेशा खातुन, राखी सिंह, पार्वती कुमारी, रिंकी देवी, पिंकी कुमारी, ललिता देवी, गुड़िया देवी सहित दर्जनों पोषण सखी शामिल थी।

## सरगम इंटरनेशनल विद्यालय में बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड स्थित सरगम इंटरनेशनल विद्यालय में बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता निर्देशक राजेश सोनी व संचालन प्राचार्य मुशर्रत प्रवीण ने किया। जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी तथा आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रदर्शनी लगाने का निर्णय किया गया। जिसमें कक्षा 1 से लेकर दसवीं कक्षा तक के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल, टेक्नोलॉजी आधारित मॉडल, स्केच तथा क्राफ्ट बनाने के लिए बच्चों को बताया गया। सारे बच्चे उत्साहित हैं, विभिन्न प्रकार के अपने-अपने मॉडल को बनाने के लिए। जिसमें स्कूल के प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य मुशर्रत परवीन, अध्यक्ष सहेश्वर दांगी, निर्देशक राजेश सोनी, सचिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद साहू, उपसचिव शंकर दास, सरोज सोनी, तथा सभी शिक्षक और शिक्षकाए उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों का हुआ निरीक्षण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा हजारीबाग जिला के 25-हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र और सदर प्रखंड क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम मे मतदान केंद्र संख्या-307 और 308-संत रॉबर्ट बालक मध्य विद्यालय, होली क्रॉस रोड, हजारीबाग, मतदान केंद्र संख्या-310, 311 और 312-संत कोलम्बस कॉलेज, कॉमन रूम, मतदान केंद्र संख्या-313, 314-संत कोलम्बस कॉलेज, मेन गेट हॉल, मतदान केंद्र संख्या-440, 441-प्राथमिक विद्यालय नया खाप, मतदान केंद्र संख्या-446, 447, 448 और 449-मध्य विद्यालय, हरहद का निरक्षण किया गयाकसभी उपस्थित बीएलओ और सूपर्वाइजर को घर-घर जाकर नये मतदाताओं का नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र-6 भरने मृत मतदाताओं के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए प्रपत्र-7 भरने एवं प्रपत्र-8 के माध्यम से फोटो सुधार और अन्य सुधार करने हेतु निदेश दिया गया। मौके पर उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, नगर निगम को सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता अविलंब सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

## थाना प्रभारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सामने थाना प्रभारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व अजय सिंह ने किया। अजय सिंह ने कहा की वर्तमान दारोगा भ्रष्टाचार और घूसखोरी में लिप्त है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की जिस तरीके से थाना प्रभारी का आचरण है यह किसी भी तरह से शोभनीय नहीं है। थाना प्रभारी अपने आचरण में सुधार नहीं ले तो डीजीपी से शिकायत की जायेगी। वह अकारण लोगों को परेशान कर रहे है। युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की चलकुशा का दारोगा हमारी सेवा के लिए है इसलिए हमें उससे नहीं डरना चाहिए बल्कि गलत का हमें विरोध करना चाहिए। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक बरनवाल, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, शंकर ठाकुर, इंद्रदेव चौधरी, कुंदन मोदी, सुनील मेहता, धनेश्वर सोनी आदि मौजूद थे।

## राशन में गड़बड़ी, तीन दुकान सस्पेंड

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** वितरण में गड़बड़ी की शिकायत बर्दास्त नहीं कि जायेगी। जो भी डीलर गड़बड़ी करेंगे उन पर कार्रवाई की जायेगी। इसी क्रम में तीन दुकान निलंबित किये गये। उक्त जानकारी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह पनन पदाधिकारी विष्णुगढ़ आलोक कुमार दिया। उन्होंने कहा कि वितरण में गड़बड़ी पाये जाने पर जन वितरण प्रणाली के तीन दुकान को निलंबित किया गया। निलंबित किये जाने पर वितरण में गड़बड़ी किये जाने वाले दुकानदारों में हड़कंप है। इस संबंध में पनन पदाधिकारी आलोक कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि निरीक्षण के क्रम में खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। जिसपर हमने निलंबन का अनुशंसा की थी। जिससे डीएसओ हजारीबाग ने तीन दुकानदारों को निलंबन किया। उन्होंने कहा कि भरत लाल साहू सिरय, महिला मंडल खरना, और हरिजन महिला मंडल गैंडा को निलंबित किया गया।

## शिक्षक रहे शैक्षणिक हड़ताल पर



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जीएम इंटर कॉलेज इचाक, जेएम इंटर कॉलेज उरुका, आदर्श इंटर कॉलेज इचाक, सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक, उच्च विद्यालय बरकाखूर्द, उच्च विद्यालय सिझुआ के सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। स्कूली शिक्षा और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों का पुतला दहन किया गया। इस हड़ताल को सफल बनाने में जीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार, पंकज कुमार, रत्नेश राणा, जे एम इंटर कॉलेज से प्राचार्य बसंत कुमार, आदर्श इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनीष कुमार, मनोज कुमार, कैलाश कुमार, मुन्ना पांडेय, सीएम आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार, युगेश कुमार, ओंकार मेहता, उच्च विद्यालय बरकाखूर्द के प्रधानाध्यापक बैजनाथ प्रजापति, श्रीकांत कुमार मेहता, उच्च विद्यालय सिझुआ से इंद्रदेव मेहता,चंद्रधारी मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता के अलावा कई शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल थे।

## दिवाली, काली पूजा और छठ पर्व को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

# लाइसेंस और स्टॉक में गड़बड़ी पर पटाखा होगा जब्तः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** दीपावली, काली पूजा और छठ पर्व के सफल आयोजन को लेकर बुधवार डीसी उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में डीसी ने दुर्गा पूजा के सफल आयोजन पर सबको बधाई दिया। साथ ही दीपावली और छठ पर्व के दौरान भी पूरी सतर्कता और अपने अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर नजर रखते हुए शांतिपूर्ण व सफल तरीके पूजा संपन्न कराने का निर्देश दिया।

**छठ पर्व को लेकर जलाशय की साफ सफाई का दिया विशेष निर्देशः** छठ पर्व के सफल आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त ने नगर परिषद, छावनी परिषद सीसीएल सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में चिन्हित छठ घाट की सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने अधिकारियों को उनके क्षेत्र में छठ पूजा समितियों के साथ पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु बैठक करने का निर्देश दिया।

**जुआ अड्डा को करे चिन्हित, जुआरियों पर करे कार्रवाईः एसपीः** मौके पर एसपी पीयूष पांडेय ने सभी अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में पर्व के दौरान जुआ खेलने वालों पर विशेष ध्यान देने, साउंड सिस्टम के नियम अनुसार उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बैठक के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी छठ घाटों पर अनिवार्य रूप से गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने, काली पूजा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन और विसर्जन के दौरान नियम अनुसार व निर्धारित रूट से ही विसर्जन संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### भीड़भाड़ वाले इलाके में न हो पटाखे की बिक्री, रखें ख्यालः डीसी

बैठक में उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उनके क्षेत्र में बिना स्थाई अथवा अस्थाई लाइसेंस के किसी भी तरह के पटाखे की बिक्री न होने देने का निर्देश दिया है। पटाखा व्यापारियों के लाइसेंस, स्टॉक आदि की जांच कर किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी सामने आने पर पटाखे को जप्त कर उन्हें नष्ट करने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### मिलावटी मिठाई बेचने वालों की खैर नहीं, होगी कार्रवाई

पर्व के दौरान मिलावटी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थ से जिले वासियों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को उनके क्षेत्र में जांच अभियान चलाने और लोगों को मिलावटी पदार्थ से बचाव हेतु अपनाये जाने वाले उपायों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

## दामोदर नदी घाट का निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** श्री श्री छठ पूजा समिति रेलवे स्टीम कॉलोनी दामोदर नदी छठ घाट का पूजा समिति के अध्यक्ष एडीइन बरकाकाना परमानंद प्रसाद ने निरीक्षण किया। उनके साथ पूजा कमेटी के सदस्य रवि सिंह, धनंजय सिंह, गोविंद तिवारी, किशोर राम, जितेंद्र सिंह पीडब्ल्यूआइ के एस के तिवारी के आलावे कई सदस्य शामिल थे। इस दौरान छठ घाट बेहतर तरीके निर्माण करने और विधि व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने पर ध्यान देने की बातें कही गयी।

## दुर्गा मंडप में रामलीला का शुभारंभ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री श्री रामायण प्रचारक मंडली काशी के तत्वावधान में जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप परिसर में बुधवार रात्रि से 10 दिवसीय रामलीला का आयोजन हुआ। रामलीला का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और राजन साव ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान राम और सीता की आरती उतारकर की गयी। मौके पर मंडली के महंथ अनिल विश्वकर्मा, अध्यक्ष पंकज तिवारी और उपाध्यक्ष अर्पित पांडेय ने बताया की उक्त धार्मिक कार्यक्रम 16 नवंबर तक चलेगा। रामलीला देखने के लिए जवाहर नगर सहित आसपास क्षेत्र के दर्जनों महिला पुरुषों की भीड़ उमड़ी रही। रामलीला के प्रथम दिन कई मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए गये। साथ ही रामायण के भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला देखने के लिए श्रीनिवास अग्रवाल, बैजनाथ कुमार, मनोज सिंह, विक्की मिश्रा, अमित सिंह, रूपेश दुबे, विनय सिंह, नितिन मिश्रा, प्रतीक, अरशद, गोलू, तनुजा सिंह सहित दर्जनों महिला पुरुष और बच्चे की भीड़ उमड़ी रही।

# उच्च न्यायालय की समीक्षा बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार (राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग) और लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए अपर समाहर्त्ता ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। अपर समाहर्त्ता ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लायी जाये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पटाखा दुकानों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

खुदरा पटाखा विक्रेताओं के लिए सिदो कान्हू मैदान में लगेगा दुकान

दुकान में रखें लाइसेंस नहीं तो जब्त होंगे पटाखेः एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर में दीपावली के मौके पर पटाखों का बड़ा बाजार सजता है। इस बाजार में अवैध तरीके से पटाखे का भंडारण और विक्रय की सूचना जिला प्रशासन को मिल रही थी। इस सूचना को लेकर एसडीओ शीलवंट भट्ट के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान शामिल थे। बुधवार की शाम जांच के दौरान एसडीओ शीलवंत भट्ट ने बताया कि शहर के कैथा, बाजार समिति के पीछे बनाये गये गोदाम का निरीक्षण किया गया है। इस बात की जांच की गयी है कि जिस जगह पर भी भंडारण हुआ है उसके लिए लाइसेंस मौजूद है या नहीं? सभी पटाखा व्यवसाईयों को लाइसेंस दुकान में ही रखने का निर्देश दिया गया है। उनकी दुकान में लाइसेंस की कॉपी मौजूद नहीं रहेगी तो उनके पटाखे भी जब्त हो जायेंगे।

**लाइसेंस धारी चिन्हित स्थानों पर करेंगे भंडारण, खुदरा व्यापारी सिदो कान्हू मैदान में लगायेंगे दुकानः** अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान ने बताया कि सभी पटाखा व्यवसाइयों को स्पष्ट निर्देश दिया जा चुका है।

लाइसेंसधारी अपने चयनित स्थानों पर ही पटाखे की बिक्री करेंगे इसके अलावा खुदरा व्यापारियों के लिए सिदो कान्हू मैदान में दुकान लगाने का निर्देश जारी किया गया है। जिन लोगों ने अभी तक लाइसेंस नहीं लिया है वह तत्काल आवेदन देकर अपना लाइसेंस प्राप्त कर लें। जिन लोगों के पास लाइसेंस नहीं होगा उन्हें दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी।

### छह स्टॉक का किया गया निरीक्षण

एसडीओ शीलवंत भट्ट ने बताया कि शहर में 6 स्टॉक का निरीक्षण किया गया है। उनमें पांच का लाइसेंस सही पाया गया है। जबकि एक व्यवसाई ने लाइसेंस के लिए अप्लाई करने की बात कही है। अगर उनके आवेदन में कोई त्रुटि होगी और लाइसेंस जारी नहीं हो पता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## किसान खेत पाठशाला खरीफ का समापन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रांची के तत्वावधान में पतरातु प्रखंड के आराशाह गांव में 14 सप्ताह से चल रहे किसान खेत पाठशाला का समापन हुआ। पाठशाला में सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी प्रियंका साहा मालाकार की देखरेख मे संचालित किया जा रहा था। पाठशाला में 35 पंजीकृत किसानों को आइपीएम विधि से खेती करने के लिये प्रशिक्षित किया गया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर किसान खेत दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कनीय पौध संरक्षण अधिकारी वीणा टुडू, राज्य कृषि विभाग से प्यारी संगा, अमित कुमार दास उपस्थित थें। इस अवसर पर अधिकारियों ने किसानो को आइपीएम विधि से खोती करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही इस विधि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां दी।

# डीएवी में राजस्थानी संस्कृति की झलक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** भारत के सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने के मकसद से बनायी गयी संस्था स्पीक माइके जो झारखंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजस्थान की लोक संस्कृति को वहां के प्रमुख कलाकारों के माध्यम से प्रस्तुत करती है। इसी कड़ी में डीएवी बरकाकाना में लोक संस्कृति की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह, रोजे खान, उरीमारी प्रचार्य यूके राय और भरेचनगर प्रचार्य एनके कर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। तदोपरांत डीएवी बरकाकाना की ओर से विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रोजे खान और उनकी टीम को हरित पौध और पुष्प प्रदान कर उन्हें स्वागत व सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकार मोहनी कालबेलिया ने सर के ऊपर बेलिया और मुंह में तलवार पड़कर तेरा वाली नृत्य प्रस्तुत किया। पारंपरिक राजस्थानी लोकगीत छोटा-छोटा निंबुडा लायो रे ने अलग ही समा बांध दी। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि राजस्थान का बाड़मेर जो हिंदुस्तान व पाकिस्तान के बॉर्डर पर स्थित है, वहां की सांस्कृतिक विरासत को सहेजे हुए इन कलाकारों ने जो प्रस्तुति दी। निश्चित रूप से हमारे बच्चों के लिए यह प्रस्तुति बाल दिवस का सबसे बड़ा उपहार है।

## डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखुटा कार्यक्रम को लेकर बैठक

# ऐतिहासिक होगा कार्यक्रमः ओमप्रकाश

पांच हजार वालंटियर बनायेंगे कार्यक्रम को सफलः द्वारिका

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आगामी 11 नवम्बर आयोजित होने वाली डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखुटा कार्यक्रम को लेकर बुधवार को अंतिम बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी ओम प्रकाश महतो ने किया। जबकि संचालन अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने किया। बैठक में आगामी 11 नवंबर दिन शनिवार को रामगढ़ जिला मैदान से रामगढ़ कॉलेज मैदान तक होने वाली डहरे सोहराय चांचइर आर बरदखुटा कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। 10 बजे सुबह होगा कार्यक्रम का शुभारंभ बैठक में अनिकेत ओहदार, संतोष महतो टिड्डुआर, संतोष बंसीरआर, जगेश्वर महतो नागवंशी, पनेश्वर कुमार, आनंद केटिआर, रवि महतो, बिहारी महतो, पवन महतो, दामोदर महतो, रमेश महतो, अर्चना महतो, आशा महतो, कौलेश्वर महतो, अनिल पटेल, जीतेंद्र महतो, सुरेंद्र महतो, गिरिशंकर महतो, मुकेश महतो, रुपलाल महतो, धनंजय महतो, अनुपम राज, लीलावती देवी, रूपा महतो, लाजवंती देवी, रेणु कुमारी, भारती कुशवाहा, गुड्डी देवी, लालजीत कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चित्रकारी प्रतियोगिता में छात्रों ने किया प्रदर्शन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा कोलियरी के विद्यार्थियों ने सीसीएल जीएम कार्यालय कुजू द्वारा आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय की 8वीं वर्ग की छात्रा साहिना प्रवीण ने प्रथम, 10वीं वर्ग के छात्र बलराम कुमार ने दूसरा, जबकि 7वीं वर्ग के छात्र विशाल कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। वही, सफल विद्यार्थियों को जीएम ऑफिस में एसओपी गिरीश चंद्र ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वही, विद्यालय प्राचार्य रंजीत सिंह ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि प्रतियोगिता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत जरूरी है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में सवार्गीण विकास होता है। वहीं, विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही। इधर, विद्यालय प्रशासनिक पदाधिकारी गुरमीत धीमान, शिक्षक सुनीता कुमारी समेत कई शिक्षकों ने बच्चों को उत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** सदर अस्पताल में लगभग एक माह से डायलेसिस मशीन खराब रहने तथा डायलेसिस कराने वाले मरीजों को काफी कठिनाई होने की मिल रही शिकायत को लेकर उपायुक्त अबु इमरान स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लेने सदर अस्पताल पहुंचे।

मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद को उन्होंने डायलेसिस मशीन के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही सदर अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध दवा, अल्ट्रासाउंड, फिजियोथेरेपी कक्ष, दवा वितरण केंद्र, महिला वार्ड और पुरुष वार्ड, साफ-सफाई, चिकित्सकों व कर्मियों की उपस्थिति समेत अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल, डॉ अरविंद केसरी, डॉ एनके पांडे अस्पताल प्रबंधक कुश कुमार और नीरज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# चतरा में 15 लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

प्रवीण रस्तोगी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमेटी सदस्य और 15 लाख के इनामी नक्सली नवीन उर्फ सर्वजीत यादव उर्फ विजय यादव ने बुधवार को डीसी और एसपी के समक्ष सरेंडर कर दिया। वह मूल रूप से चतरा के प्रतापुर का रहने वाला है। नक्सली ने चतरा पुलिस लाइन में उपायुक्त अबू इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार की मौजूदगी में सरेंडर किया।

इसके खिलाफ झारखंड के चतरा, लातेहार, गढ़वा, पलामू, बिहार के गया और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला में कुल 72 मामले दर्ज हैं।

एसपी राकेश रंजन ने बताया कि सरकार की सरेंडर नीति से प्रभावित होकर नक्सली ने सरेंडर किया।

साथ ही आत्मसमर्पण नीति को सुलभ बनाने के लिए खुला जेल सह पुनर्वास कैंप नियमावली में किये गये संशोधन और संगठन के आंतरिक शोषण और भयादोहन से क्षुब्ध होकर नक्सली कमांडर ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसी से संपर्क कर मुख्य धारा में जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।

### नक्सली का इतिहास

नवीन चचेरे भाई से जमीन विवाद को लेकर वर्ष 2000 में भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। शुरू में लोकल होने के कारण ग्रामीणों को संगठन में जोड़ने की जिम्मेवारी दी गयी। इसके कार्यशैली को देखते हुए वर्ष 2003 में एलओएस बनाया गया था। उसे वर्ष 2005 से 2007 तक बांके बाजार, जिला गया (बिहार) क्षेत्र का एरिया कमांडर तथा वर्ष 2007 से 2009 तक गया, औरंगाबाद (बिहार) क्षेत्र का सब जोनल कमांडर तथा वर्ष 2009 से 2012 तक मध्य जोन का जोनल कमांडर बनाया गया। वर्ष 2012 में इसे माओवादी संगठन में रीजनल कमांडर का पद दिया गया। इसके बाद बिहार रीजनल कमेटी का सदस्य बनाया गया।

## श्राद्धकर्म में शामिल हुए पूर्व विधायक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने प्रखण्ड हंटरगंज के पंचायत केदली कला के गांव गोखना निवासी भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री मंटू सिंह के पिता शारदा सिंह के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए तथा उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा शोक संतप्त परिजन से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया। इसके अलावा भाजपा नेता बहोरी सिंह, ललन सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने भी शोक संवेदना व्यक्त किया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# राज्यपालों की भूमिका पर सवाल

चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अगुवाइ वाली सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पंजाब सरकार की ओर से दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए राज्यपालों की भूमिका पर जो कुछ कहा, वह सभी संबंधित पक्षों के लिए चेतावनी की तरह है। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने अभी उन सबको आत्मावलोकन की सलाह भर दी हो, लेकिन यह स्थिति सचमुच चिंताजनक है कि राज्यपालों से सामान्य जिम्मेदारी का निर्वाह कराने के लिए भी राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। आखिर विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देना राज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। उसकी प्रक्रिया भी पहले से तय है। राज्यपाल या तो उसे राज्य सरकार को दोबारा विचार के लिए लौटा सकते हैं या फिर उसे राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं। किसी भी स्थिति में उन बिलों को लटकाये रखने का भला क्या औचित्य हो सकता है। और यह अकेले पंजाब का मामला नहीं है। इसी साल अप्रैल में तेलंगाना की सरकार भी राज्यपाल के खिलाफ ऐसी ही शिकायत लेकर सुप्रीम कोर्ट आयी थी। केरल और तमिलनाडु दो और राज्य हैं, जो इसी कतार में खड़े नजर आते हैं। केरल की ओर से सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल ने सीजेआइ की बेंच के सामने अर्जेंट लिस्टिंग की अर्जी डाल रखी है, जबकि तमिलनाडु के मामले पर इसी महीने की 10 तारीख को सुनवाई होनी है। गौर करने की बात यह है कि इन सभी राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकार है। स्वाभाविक ही पहला संदेह यही होता है कि कहीं राज्यपालों की इस भूमिका के पीछे राजनीतिक समीकरणों की तो कोई भूमिका नहीं है। यह भूमिका हो या न हो, ऐसा विवाद पैदा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह के मामलों में तो सभी पक्षों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि गलती से भी यह संकेत न जाये कि देश में संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज में राजनीति आड़े आ रही है। साफ है कि इस कसौटी पर शासन तंत्र अपेक्षित जिम्मेदारी नहीं दिखा पा रहा। हालांकि इसके लिए किसी भी एक पक्ष पर पूरा दोष नहीं डाला जा सकता। अगर पंजाब की ही बात करें, तो बिलों को मंजूरी मिलने में हुई देरी का सवाल अपनी जगह जायज हो सकता है, लेकिन विधानसभा की बैठकों के बीच तीन महीने के अंतराल का भला क्या औचित्य हो सकता है। विधानसभा का बजट सत्र मॉनसून सत्र से जा मिला। राज्य सरकार कानूनी व्याख्याओं का सहारा भले लेती रहे, यह बात स्थापित परंपराओं के खिलाफ है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कुल ठीक कहा कि आत्मचिंतन की जरूरत सभी पक्षों को है। संविधान में सबके अधिकारों और कर्तव्यों की सीमाएं स्पष्ट रूप से बतायी गयी हैं। जरूरत सिर्फ इन्हें सही रूप में समझने और उनका पालन करने की है। उम्मीद की जानी चाहिए कि पंजाब के मामले में दी गयी सुप्रीम कोर्ट की नसीहत को अन्य राज्यों में भी सबक की तरह लिया जायेगा।


**भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट बेंच कहा कि राज्यपालों को मामला शीर्ष अदालत में आने से पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**टिकट बंटवारे में आलाकमान बहुत बारीकी से निर्णय लेता है, महीनों तक भीतर-ही-भीतर योग्य उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में पार्टी की चलने वाली गंभीर विश्लेषण-जांच एवं अनुसंधान की गहरी भूमिका होती है। तब कोई धमक, सेवा एवं पैसा काम नहीं आता।**

# चुनाव-दर-चुनाव बढ़ती बागियों की संख्या

ललित कुमार



**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले अनेक राजनीतिक दलों औरउनके नेताओं के बीच बड़ी उठापटक, खींचतान और चरित्रगत बदलाव देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ही आमने-सामने की स्थिति में हैं, लेकिन टिकट बंटवारे को लेकर इन दोनों ही दलों में दोनों ही राज्यों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। दोनों ही दलों में अपने आपको पार्टी का सर्वेसर्वा मानने वाले नेताओं की इस बार टिकट बंटवारे में दाल नहीं गली और वे अपने चहेतों को टिकट देने में नाकाम साबित हुए, जिससे दोनों ही दलों में भारी असंतोष और विद्रोह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के शीर्ष नेताओं को भी टिकट न मिलने से बागी औरं बगावती स्वर उभर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या अब चुनाव का टिकट पाना या उसका कटना ही नेताओं के जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है? क्या पार्टी के प्रति वफादारी का गुब्बारा एक टिकट न मिलने की सूई से ही हवा शून्य हो गया है? एक प्रश्न और है कि टिकट क्या किन्हीं नेताओं की बपौती है, फिर बाकी कार्यकर्ताओं का क्या वजूद है, जो सालों से पार्टी के लिए जी-जान लगाये होते हैं? क्या राजनीति अब सबसे ज्यादा लाभ और रौब का धंधा बन चुकी है? लोकतंत्र में जब मूल्य और सिद्धांत कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो जाता है, वह लोकतंत्र निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है।

**राजनीति में ऐसे ही साहसिक और अभिनव प्रयोग की अपेक्षा है, ताकि राजनीति में प्रतिनिधित्व की पात्रता किन्हीं सीमित हाथों से बाहर आये।**

अफसोस कि जिस जन की सेवा के लिए चुनाव टिकट रूपी एंट्री पास तैयार किया गया है, वह 'जन' पहले भी हतप्रभ था, आज भी है और शायद आगे भी रहेगा, क्योंकि आम मतदाता तो पहले भी ठगा जाता था, गुमराह किया जाता था, आज भी उसके साथ यही हो रहा है। टिकट की दौड़ के लिए सक्रिय होने और पांच साल में केवल चुनाव के समय नजर आने वाले उम्मीदवारों को दोनों पार्टियों ने टिकट न देकर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजनीति में ऐसे ही साहसिक और अभिनव प्रयोग की अपेक्षा है, ताकि राजनीति में प्रतिनिधित्व की पात्रता किन्हीं सीमित हाथों से बाहर आये और नये चेहरों को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिले।

राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन के आखिरी दिन अनेक चेहरों को निराशा हाथ लगी है। भाजपा की आखिरी लिस्ट आ चुकी है, लेकिन इस लिस्ट में केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को किनारे कर दिया है। भाजपा ने इस बार वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिये हैं। इनमें अशोक परनामी और अरुण चतुर्वेदी प्रमुख हैं और दोनों नेता ऐसे हैं, जो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके हैं। इनके साथ ही पूर्व मंत्री और राजे के खास यूनुस खान का भी टिकट काट दिया गया है। राजपाल सिंह शेखावत और राव राजेंद्र का टिकट भी पार्टी ने काट दिया है। कांग्रेस में भी ऐसे अनेक महत्वपूर्ण चेहरों को निराशा हाथ लगी है। टिकट न मिलने से पार्टी के इन वफादार सैनिकों के स्वरों में भी बगावत देखने को मिल रही है। निश्चित ही दोनों ही दलों में टिकट बंटवारे में आजमाये इन नये प्रयोगों का व्यापक असर देखने को मिलेगा। राजस्थान के अनेक राजनीतिक विश्लेषकों से चर्चा से यह तथ्य भी सामने आया है कि दलों में हो रहे इन बदलावों का नकारात्मक ही नहीं, सकारात्मक परिणाम भी सामने आयेगा।

चुनाव के समय राजनीतिक दलों में टिकट वितरण को लेकर असंतोष होना स्वाभाविक है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता वर्षों मेहनत करे और टिकट वितरण के समय उसे दरकिनार कर दूसरे या किसी आयातित व्यक्ति को टिकट दे दिया जाये, तो राजनीति में निष्ठा और समर्पण का पैमाना अपने-आप ध्वस्त होने लगता है। वैसे भी हर पार्टी में एक सीट पर टिकट के एक से अधिक आकांक्षी होते हैं। दलों की संवैधानिक मर्यादा एवं सीमाएं हैं कि वे चुनाव में किसी एक को ही टिकट दे सकती हैं। ऐसे में बाकी को या तो पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार का समर्थन करना होगा या फिर दूसरे किसी दल से टिकट लेकर अथवा निर्दलीय चुनाव में खड़ा होना होगा। टिकट न मिलने वालों को अपनी नाराजगी प्रकट करने का अधिकार है, वे चाहें तो पार्टी हाइकमान और टिकट वितरणकर्ताओं के सामने खुलकर अपनी नाराजगी का प्रदर्शन कर मन को हल्का करें या अनैतिक विकल्प के तौर पर पार्टी में रहकर ही भितरघात कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हरवाकर अपनी उपेक्षा का बदला लें और अगले चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का खाता खुला रखें। राजस्थान में ऐसे ही सीन बन रहे हैं। अब विरोध के प्राचीन तरीकों जैसे कि नारेबाजी, धरना प्रदर्शन से मीलों आगे जाकर शीर्ष नेताओं के घरों के सामने आत्मदाह करने, पार्टी दफ्तरों पर हमले, नेताओं के कपड़े फाड़ने, हाथापाई, सामूहिक इस्तीफे और टिकट कटने के बाद मातमी अंदाज में जार-जार आंसू बहाने की स्थितियां समाप्त हो गयी हैं। अब तो पार्टियों में विरोध प्रदर्शन का सबसे सशक्त हथियार निर्दलीय चुनाव लड़ना या भितरघात करना ही देखने को मिल रहा है। मानो सभी दलों में अनुशासनहीनता और अराजकता की एक अघोषित स्पर्धा चल रही हो, जिसमें हर असंतुष्ट अपने गिरोह के साथ दूसरे को पीछे छोड़ने की दबंगई में लगा है। ऐसा नहीं है कि आला नेताओं को कार्यकर्ताओं के इस तरह उग्र अथवा बागी होने का अंदाजा न हो। लेकिन पार्टियां चुनाव का टिकट बांटती हैं, तो टिकट देने और टिकट काटने के उसके अपने पैमाने होते हैं। उनकी अपनी सीमाएं भी होती हैं।

टिकट बंटवारे में आलाकमान बहुत बारीकी से निर्णय लेता है, महीनों तक भीतर-ही-भीतर योग्य उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में पार्टी की चलने वाली गंभीर विश्लेषण-जांच और अनुसंधान की गहरी भूमिका होती है। तब कोई धमक, सेवा एवं पैसा काम नहीं आता। यहां तक बड़े नेताओं के निजी संबंध भी अब कारगर नहीं रहे। एक-एक पात्र उम्मीदवार पर हर कोण से गंभीर रिपोर्ट तैयार होती है और वही टिकट बंटवारे का माध्यम बनती है। इसलिए अब बगावत और विद्रोह के उतने नुकसान भी नहीं देखने को मिलते, जितने पहले हुआ करते थे। पार्टी हित में शीर्ष नेतृत्व ऐसे बगावती स्वरों को शांत करने की पूरी कोशिश करता है। राजस्थान में अनेक टिकट वंचित उम्मीदवार छोटे दलों के टिकट पर या निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान कर चुके हैं। हालांकि, नाराजों को बिठाने और चुप कराने के लिए दोनों दलों में बड़े नेता साम-दाम-दंड-भेद, सभी तरीके अपनाने में लगे हैं। लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ता यह बखूबी जानता है कि बड़े नेताओं द्वारा उससे किये वादे भी ज्यादातर चुनावी वादों की तरह खोखले अथवा आधे-अधूरे होते हैं। साथ में यह भी सच है कि बड़े दलों में अब वो ऋषि और कद्दावर राजनेताओं का अभाव है, जिनके इशारों पर आक्रोश और विद्रोह शांत हो जाते थे। ऐसे दिग्गज नेताओं का नैतिक प्रभाव खत्म होने के बाद आजकल कार्यकर्ताओं को मनाने का फॉर्मूला मोटे तौर पर अगले चुनाव में टिकट के वादे, सत्ता में आने पर किसी पद की रेवड़ी या फिर बात-बेबात उसकी पीठ थपथपाने, मंच से तारीफ के दो शब्द कहकर भावनात्मक शोषण करने या फिर धन के रूप में ही देखने को मिल रहा है।

लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ा सवाल तो राजनीति में बुनियादी नैतिकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का है? लोकतंत्र में चुनाव टिकट की आकांक्षा रखना स्वाभाविक है, लेकिन उसे जीने-मरने का सवाल बना देना या उसे विसंगतियों और विडंबनाओं का शिखर बना देना क्या संदेश देता है? दरअसल राजनीतिक व्यवस्था मूलतः लोकतंत्र को चलाने और इस तंत्र के असल मालिक लोक के जीवन को सुचारू और समृद्ध बनाने के लिए है, लोकतांत्रिक माफिया बनने के लिए तो कतई नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के अमृत काल में यह कड़वा सच है कि राजनीति अब अधिकांश लोगों के लिए शुद्ध रूप से चौतरफा लाभ का धंधा है। इसीलिए वे इसे छोड़ना तो दूर, इसे पीढ़ी दर पीढ़ी कायम रखना चाहते हैं, ताकि पावर, पैसा और प्रतिष्ठा की गंगोत्री सूख न सके।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के आरोपी छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता को झारखंड पुलिस की क्लीनचिट

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ जमशेदपुर जिले में 15 साल की किशोरी के दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में दर्ज प्राथमिकी में पुलिस ने जांच पूरी कर ली है। जांच पूरी होने के बाद केस के अनुसंधानकर्ता ने न्यायालय में अंतिम प्रपत्र जमा कर दिया है।

झारखंड हाइकोर्ट ने नेताम खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। फाइनल फॉर्म में बी नेताम के खिलाफ साक्ष्य की कमी बताया है। बता दें कि यह मामला पिछले वर्ष काफी चर्चा में रहा था। छत्तीसगढ़ विधानसभा उपचुनाव के दौरान पिछले वर्ष दिसंबर में झारखंड पुलिस ने ब्रह्मानंद नेताम की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की थी। फिलहाल इस केस में नेताम को झारखंड हाइकोर्ट से राहत मिली हुई है। अदालत ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है।

### टेल्को थाना में पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज

**दरअसल भाजपा नेता ब्रम्हानंद नेताम झारखंड के जमशेदपुर जिले में एक 15 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने और देह व्यापार कराने के मामले के अभियुक्त हैं। यह मामला वर्ष 2019 का है। इस संबंध में जमशेदपुर जिले के टेल्को थाना में पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। ब्रह्मानंद नेताम छत्तीसगढ़ के बड़े बीजेपी नेता हैं। वह झारखंड भाजपा के सह प्रभारी भी रह चुके हैं।**

# आगामी काली पूजा और छठ पूजा को लेकर टेल्को शांति समिति की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आगामी काली पूजा व छठ पूजा के पूर्व शांति समिति की बैठक सबूज कल्याण संघ में आयोजित की गई। बुधवार को थाना प्रभारी नरेश कुमार सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लगभग 40 स्थानों पर होने वाले काली पूजा स्थलों व विभिन्न छठ घाटों पर शांति और सद्भाव के साथ पूजा संपन्न होने पर चर्चा की गई। मौके पर थाना प्रभारी नरेश कुमार सिन्हा ने अपनी प्रशासनिक प्रतिबद्धता जताई ।साथ ही इस कार्य में पूर्व की भांति शांति समिति के सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। थाना प्रभारी ने कहा क्षेत्र में शांति हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जिसके लिए नियमानुसार हम कटिबद्ध हैं। मौके पर टाटा मोटर्स व तार कंपनी की ओर से बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों में बी के चतुवेर्दी, एन पी सिंह व मिथिलेश सिंह ने क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं में बिजली और पानी को पूजा पंडालों में समुचित व्यवस्था करने, क्षेत्र के अंदर छठ घाटों की सफाई व अबाधित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन केंद्रीय शांति समिति के सदस्य ओमप्रकाश उपाध्याय व धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय शांति समिति के वरिष्ठ सदस्य नंदलाल सिंह ने किया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के पूर्व महासचिव चंद्रभान सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डी डी त्रिपाठी, तार कंपनी यूनियन के नेता द्वय श्रीकांत सिंह और पंकज पंकज सिंह, सबुज कल्याण संघ के महासचिव मिथिलेश घोष, प्रह्लाद सिंह, राजेश सिंह राजू, बीरेंद्र उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह, अमीर अली अंसारी, पी के दास, अनूप कुमार सिंह ने अपने विचार रखें।

### सुखराम के फर्जी लेटर हेड और हस्ताक्षर कर मुख्य सचिव को लिखा गया पत्र

# सीएम से विधायक ने कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर विधायक सह जेएमएम जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव के फर्जी लेटर हेड और हस्ताक्षर कर राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखे जाने और चाईबासा डीआरडीए कर्मी अजय यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में लिखे गए पत्र में अजय यादव पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग कथित तौर की गयी है। मामले की जानकारी मिलते ही विधायक सुखराम उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने और इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में विधायक ने लिखा है कि उक्त पत्र उनके द्वारा नहीं लिखा गया है और उन्होंने ऐसी कोई भी मांग किसी ने नहीं की है।

पत्र में लिखे गये शब्द ना तो मेरे हैं और ना ही लेटर पेड और हस्ताक्षर ही मेरे हैं। ऐसे किसी भी आधिकारिक पत्र में हमेशा उनके कार्यालय की ओर से अधिकृत पत्रांक संख्या और निर्गत किये जाने की तिथि आवश्यक रूप से अंकित होती है। ऐसे में इस फर्जी पत्र के जरिए उनके पद एवं प्रतिष्ठा को गलत तौर पर वरीय पदाधिकारियों के समक्ष दशार्ने का कुंठित दुस्साहस किया गया है। उन्होंने लिखा है कि माननीय विधायक के साथ साथ वह पश्चिमी सिंहभूम झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी हैं। ऐसे में आए दिन संगठन के व्यापक हित में जिला भ्रमण करते हैं तो इस फर्जी पत्र के जरिए साजिशन मेरे पद और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर मेरे व्यक्तिगत, राजनीतिक और सामाजिक छवि को धुमिल करने का प्रयास किया गया है। ऐसे में सभी बिन्दुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए फर्जी पत्र लिख कर साजिश रचने वालों की पहचान की जाए विशेषकर मुख्य सचिव के गोपनीय कोषांग में पत्र प्राप्त कराने की तिथि के कैमरे से करते हुए जांचोपरांत आवश्यक कड़ी कार्रवाई करने की पहल हो। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव और उपायुक्त को भी दी गयी है।

# विधायक का जन्मदिन सदर के मरीजों और सरकारी स्कूल के बच्चों संग मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार के जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल विधायक संजीव सरदार के जन्म दिन में सदर अस्पताल के सैकड़ो मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। वही पोटका विधान सभा क्षेत्र के सरकारी स्कूल में बच्चों के बीच पाठ्यसामग्री का वितरण किया गया। मौके पर जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू ने बताया झामुमो प्रखंड समिति के द्वारा पोटका विधायक के जन्मदिन सदर अस्पताल के मरीजों व सरकारी स्कूल के बच्चों के संग मनाया। उन्होंने बताया विधायक संजीव सरदार पूर्व में शिक्षक थे। विधायक बनने के बाद भी उनका स्कूल के बच्चों के प्रति काफी लगाव है। विधायक के सोच है पोटका विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थी शिक्षित हो रोजगार से जुड़े इसका हमेसा प्रयास करते हैं। इस उद्देश्य से विधायक के जन्मदिन पर सदर अस्पताल के मरीजों व सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच फल,मीठा व पाठ्यसामग्री का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू झामुमो के वरिष्ठ नेता देबजीत मुखर्जी, मनोज नाहा, मनोहर नाहा, करण, संतु, मोहन लोहार,पप्पू उपाध्यक्ष, बिक्की कंडील सहित अन्य शामिल रहे।

# डीसी ने की जिला अनुकंपा समिति की साथ बैठक

# नियुक्ति के लिए आठ आवेदकों के नामों की हुई अनुशंसा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंह जिले में डीसी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बुधवार को बैठक में अनुकंपा पर नियुक्ति से संबंधित कुल 20 आवेदनों की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में वर्ग-3 के पद पर नियुक्ति हेतु 03, वर्ग-4 के पद पर नियुक्ति हेतु 05 आवेदनों को अनुशंसित किया गया। वर्ग 03 के लिए अमन कुमार, पारसमणी ठाकुर,राजेश मुर्मू सहित वर्ग 04 के पद में गौविन हॉसदा, कविता भकत, मनोज मरांडी, बिरजु मुखी, सुमन हेम्राम को अनुशंसित किया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त, अपर उपायुक्त सहित अन्य सभी संबधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर में पांच मजदूर घायल


आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना अंतर्गत बालिगुमा के पास ट्रक के चपेट में आने से ट्रैक्टर के ट्राली में सवार 5 मजदूर बुरी तरह घायल हो गए। बुधवार को सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीण व पुलिस की सहयोग से घायलों को एमजीएम अस्पताल लाया गया। जहा सभी का इलाज चल रही है। घायल मजदूरों में बिहार के रहने वाले हातिम, मनोज, अर्जुन, प्रमोद, असलर शामिल है। बताया जा रहा है सभी मजदूर जिओ का तार लगाने का काम करते थे। उधर घटना कर बाद सड़क पर चलने वाले राहगीरों ने चालक को पकड़ के पुलिस को सौप दिया।

वही एमजीएम अस्पताल में भाजपा नेता विमल बैठा ने घायलों का हाल जाना। उन्होंने एमजीएम के डॉक्टर से बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया।

# तीन दिवसीय वेबिनार कार्यक्रम का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में तीन दिवसीय वेबिनार कार्यक्रम का समापन किया गया,। जिसका विषय था ह्यवर्तमान परिप्रेक्ष्य में मूल्यात्मक शिक्षा का महत्व। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर युधिष्ठिर, एसोसिएट प्रोफेसर, आरएस कॉलेज आफ एजुकेशन, सिदरावली, गुरुग्राम विश्वविद्यालय हरियाणा और श्री राहुल कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, महर्षि परमहंस कॉलेज आफ एजुकेशन, रामगढ़, (झारखंड) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मूल्यात्मक शिक्षा विद्यार्थियों में नैतिकता और मौलिकता का बीजारोपण का कार्य करेगी अतः इसे हमारे पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग होना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मूल्यात्मक शिक्षा विद्यार्थियों के आचरण निर्धारण में वरदान साबित होगी। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह एवं कुलपति प्रो. (डॉ) एमके सिंह महाविद्यालय को शुभकामना देते हुए कहा कि यह समसामयिक विषय हमारे समाज और राष्ट्र को एक सकारात्मक दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी और महाविद्यालय के प्राध्यापक आनंद कुमार चौबे, अशोक कुमार यादव, अरविंद, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन जनार्दन शुक्ला एवं तकनिकी सहायक के रूप में सुधीर धर दुबे का महवपूर्ण योगदान रहा।

# नागरिक अभिनंदन स्वागत समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता


धन्यवाद ज्ञापन पुष्परंजन के द्वारा किया गया

**गढ़वा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नारायणपुर के ज़िला प्रभारी के रूप में चुनाव प्रचार कर गढ़वा लौटे भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय का नागरिक अभिनंदन, स्वागत समारोह का आयोजन स्थानीय नरगिर आश्रम में गढ़वा शहरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप गढ़वा ज़िला के पूर्व आरएसएस जिला प्रचारक जितेंद्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगी भाजपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के मुद्दे पर बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिलेगी। उन्होंने झारखंड के परिपेक्ष्य में भी बोलते हुए कहा कि इस प्रदेश में भी बीजेपी की सरकार बनेगी। पीएम नरेन्द्र मोदी की विकास योजनाओ के सहारे यहां सरकार बनने जा रही है। इसमे कोई संदेह नही है।

सम्मान समारोह में अलखनाथ पांडेय को चुनरी,एवम शॉल ओढ़ाकर बुके देकर तथामाला पहना कर स्वागत किया गया।

नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी विजय केशरी, प्रो उमेश सहाय, कमलेश गुप्ता, सुनील अग्रवाल, विनोद कमलापुरी, नंद कुमार गुप्ता, विनोद प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप,दिनेश पासवान सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## संदेहास्पद स्थिति में महिला की मौत मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप

**रमना (आजाद सिपाही)** । रमना थाना क्षेत्र के करनपुरा गांव निवासी विकास कुमार गुप्ता की पत्नी प्रभा कुमारी का शव गांव के ही कुएं से पुलिस ने बरामद किया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है उक्त घटना में प्रभा की माँ ने दामाद विकास कुमार गुप्ता और उनके पिता राजा साह पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका की मां एंटी देवी ने रमना थाना में आवेदन देकर दमाद पर दहेज के लिए मारपीट करने एवं गला दबाकर हत्या कर शव को कुए में डालने का भी आरोप लगाया है।

## सभी पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र जमा कर बैंक को सुपुर्द किये



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला पेंशनर कल्याण समाज जिला कार्यालय में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के प्रतिनिधि के द्वारा सभी पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र जमा किया गया। मौके पर बोलते हुए पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि अवकाश प्राप्त सरकारी कर्मियों की सुविधा को देखते हुए बैंक के पदाधिकारी स्वयं इस कार्यालय में चलकर आए और सभी पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र जमा कर बैंक को सुपुर्द किए इसके लिए एसबीआई के पदाधिकारी धन्यवाद के पत्र हैं। पेंशनर्स ने इस कार्य के लिए मुख्य शाखा प्रबंधक को भी धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री अशर्फी राम सचिव, संतोष कुमार कोषाध्यक्ष, श्याम बिहारी राम संयुक्त सचिव तथा अन्य पेंसंधारी उपस्थित थे। पदाधिकारियों नेबताया कि यह कार्य प्रत्येक बुधवार को माह दिसंबर तक चलेगा। जिन पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं हुआ है, वे अगले बुधवार को अवश्य कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

## श्रमदान से बन रहे मिट्टी-मोरम पथ का निरीक्षण



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने कोल्हुआ ग्राम के सांडो टोला में ग्रामीणों के श्रमदान से बन रहे मिट्टी-मोरम पथ का निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से बन रहे पथ की जानकारी मिलने पर बीडीओ कोल्हुआ ग्राम के सांडो टोला पहुंचे। ग्रामीणों ने बीडीओ को अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि आजादी के वर्षो बाद भी इस टोला के लिए आज तक सड़क का निर्माण नही कराया गया। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में किसी के बीमार पड़ जाने पर उसे अस्पताल तक पहुंचाना बहुत ही मुश्किल काम था.क्योंकि वाहन आने जाने का कोई रास्ता नही था। मौके पर पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी, मुखिया पति राजकुमार राम, श्रीराम पासवान, छोटे लाल पासवान, शंकर पासवान, यमुना सिंह, रमेश पासवान गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन होगा

- शिविर में ऑन-द-स्पॉट आमजनों की समस्याओं का होगा समाधान,
- योग्य लाभुकों को दिया जायेगा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ।
- डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने 'आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में तैयारियों की समीक्षा को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक किया। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी दिया गया कि राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम दिनांक-15 नवम्बर से 29 दिसंबर 2023 तक आयोजित करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। शिविर में सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग अन्तर्गत श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिक पंजीकरण का लाभ देने का निर्देश दिया गया। ऑन-द-स्पॉट परिसम्पतियों / सरकारी लाभों का वितरण करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच' स्थापित करने को कहा गया, जिसके माध्यम से शिविर में ही लाभुकों के बीच योजनाओं से संबंधित लाभों / परिसंपतियों का वितरण किया जा सके। उपायुक्त ने प्रत्येक शिविर में छात्र-छात्राओं को लाभांवित करते हुए उनके बीच साईकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक का वितरण करने का निर्देश दिया।

## वन विभाग से पट्टा लेने के लिए आमसभा

**धुरकी(आजाद सिपाही)** । धुरकी क्षेत्र के खुटिया पंचायत के परासपानी खुर्द गांव में वन विभाग से पट्टा लेने के लिए आमसभा किया गया। परासपानी खुर्द में अंचलाधिकारी के आदेश पर एक आम सभा का आयोजन किया गया । ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग के जो भूमि को कई वर्षों से जोत कोड कर रहे है। उस भूमि का पट्टा चाहिये इसका आवेदन हम लोग अधिकारी को दिया है। जो लोग भूमि हीन है और जो वन विभाग के भूमि को कई वर्षों से जोत कोड कर रहे है उसे पट्टा का मांग है वह सामुदायिक पट्टा के लिए खेल मैदान जवाहर खाड़ी में खुरखुरिया में महुआ चुन्नी हेतु पट्टा डाक डबल बांध में मछली पालन हेतु पट्टा बकायन डामर में धार्मिक स्थल के लिए पट्टा एवं 8 से 10 व्यक्तिगत पट्टा के लिए आवेदन देकर मांग किया गया है आमसभा में उपस्थित पंचायत सचिव अजय सिंह, प्रवेक्षक देवकांत मेहता,मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह वन अध्यक्ष त्रिवेणी कोरवा, सचिव जयनाथ सिंह, शाहिद काफी लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया




**कांडी(आजाद सिपाही)।** झारखंड वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर कांडी प्रखंड स्थित शोणभद्र आदर्श इंटर कॉलेज कांडी में बुधवार को तालाबंदी कर व शिक्षा सचिव व उच्च पदाधिकारियों का पुतला दहन कर एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया। कॉलेजकर्मियों ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वित्त रहित संस्थाओं के साथ सरकार अनदेखी कर रही है। सरकार के द्वारा वित्त रहित सभी संस्थाओं को चौगुना अनुदान देने का आश्वासन दी हुई थी, परन्तु अब अपनी बातों से मुकर रही है। शोणभद्र आदर्श इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने पाँच सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया, उनके द्वारा किये गए मांगो में है वित्त रहित कर्मियों को राज्य कर्मियों का दर्जा मिले, वित्त रहित कर्मियों को सेवाशर्त नियमावली तत्काल सरकार बनाये व कैबिनेट में पास कराकर लागू करे, वित्त रहित स्कूल कॉलेज का अविलंब अधिग्रहण हो या तत्काल घाटा अनुदान दिया जाए, वित्तीय वर्ष 2020- 2021अनुदान स्वीकृत कर संस्थाओं को दिया जाए उसके पश्चात शिक्षकों का सबसे अंतिम मांग सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष किया जाए। इन्ही पाँच सूत्री मांगों को लेकर विद्यालय के शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध करने वालों में प्राचार्य वीरेंद्र कुमार तिवारी, शोभा मिश्रा, बबन चौबे, आशुतोष मिश्रा, रेखा कुमारी, उमाशंकर कुमार, इसरार आलम, सतेंद्र पाठक, बबन पांडेय, अनुज श्रीवास्तव मथुरा प्रसाद, सतेंद्र दुबे सहित कई लोगों ने विरोध किया।

# गढ़वा के मुक्केबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** बीते 3 तीन से पांच नवंबर तक आयोजित द्वितीय आमंत्रण अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता गोहाना सोनीपत हरियाणा में गढ़वा के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुक्केबाजों में एक स्वर्ण सहित दो कांस्य पद जीत कर गढ़वा जिले का नाम रौशन किया। मुक्केबाजी में जूनियर 57 से 60 किलोग्राम में नौशाद आलम स्वर्ण पदक वही सब जूनियर 28 से 30 किलोग्राम में ऋषि बाबू कांस्य पदक, सब जूनियर 22 से 24 किलोग्राम नैतिक कांस्य पदक, नैतिक कुमार को शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बेस्ट लिटिल बॉक्सर से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिवकुमार पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडे, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, सहसचिव पुनीत जायसवाल, गढ़वा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक सहित अन्य लोगो ने बधाई दी।

## कृषक मित्र पर किसानों से अवैध वसूली किये जाने का आरोप



**मझिआंव(आजाद सिपाही)।** बरडीहा प्रखंड के बरडीहा एवं जिका गांव के कृषक मित्र उपेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा किसानों से पंजीकरण के नाम पर प्रति 100 रु लेने का मामला प्रकाश में आया है.इस संबंध में भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, ब्रजेश प्रजापति, बिरेन्द्र प्रजापति, वार्ड सदस्य प्रमिला देवी, एवं कमलबसिया देवी, विश्वनाथ प्रजापति, नंदू यादव राजेन्द्र शर्मा, संतोष रजवार तथा बिक्रमा पाल सहित अन्य कई किसानों ने बताया कि कृषक मित्र द्वारा रजिस्ट्रेसन के नाम पर सभी किसानों से 100रु लिये जा रहे हैं। इधर कृषक मित्र की कार्यप्रणाली से तंग आकर किसानों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले की जांच करते हुए उक्त कृषक मित्र को हटाकर नए कृषक मित्र की बहाली करने की मांग की गयी है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

**निविदा संबंधी आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा सूचना सं0 07 / 2023–24 जो दैनिक समाचार पत्र मे पी.आर0 न0 309614 Rural Works Department (23-24)_D दिनांक 19.10.2023 को प्रकाशित हुआ था, उसे अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, खूँटी

PR 311007 Rural Work Department (23-24)_D

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू**
दूरभाष सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
**(3G Award के तहत् घोषित)**
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)**
**(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा :– हुड़मुड़, थाना :– सतबरवा, थाना नं0 :– 256**
**पत्रांक 755 (F)/भू0अ0, दिनांक– 02.11.2023**

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | 10 | 362 | रैयती | धान खेत–3 | 0.5846 | 1 | मो0 इमरान वो मो0 रीजवान पिता मो0 मुस्तफा | |
| 2 | | 10 | 337 | रैयती | धान खेत–3 | 0.2824 | 2 | मो0 इस्तयाक मो0 इम्तियाज पिता स्व0 मुखतार आलम | |
| 3 | | 17 | 358 P | रैयती | धान खेत–3 | 0.1711 | 3 | कमला देवी पति श्याम सुन्दर साव | |
| 4 | | 23 | 308 P | रैयती | धान खेत–3 | 0.2945 | 4 | कृष्णा प्रसाद पिता स्व0 विन्देश्वर प्रसाद वो माधुरी देवी पति कृष्णा प्रसाद | |
| 5 | | 23 | 304 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0096 | 5 | कृष्णा प्रसाद पिता स्व0 विन्देश्वर प्रसाद | |
| 6 | | 18 | 320 P | रैयती | टाड़–3 | 0.1133 | 6 | श्रीमती छात्रि देवी पति श्याम बिहारी प्रसाद | प्रमेन्द्र प्रसाद राजन प्रसाद पिता स्व0 श्यामा प्रसाद जनक प्रसाद शुशिल प्रसाद पिता भुलट साव अशोक प्रसाद संतोष प्रसाद पिता स्व0 बालदेव साव |
| | | 18 | 321 | रैयती | धान खेत–3 | 0.5825 | | तदैव | तदैव |
| 7 | | 23 | 308 P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0025 | 7 | तारापति देवी पति परमेश्वर साहु | |
| 8 | हुड़मुड़ | 10 | 359 | रैयती | धान खेत–3 | 0.5540 | 8 | मो0 तौहिद आलम वो नाजीर अहमद पिता स्व0 अब्दुल मजीद | मो0 तौहिद आलम पिता अब्दुल मजीद |
| | | 10 | 361 | रैयती | परती कदीम 2 | 0.0536 | | तदैव | तदैव |
| 9 | | 18 | 332 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0145 | 9 | सरिता देवी पति अक्ष्यवर प्रसाद | |
| 10 | | 10 | 360 | रैयती | धान खेत–3 | 0.3078 | 10 | निरंजन प्रसाद वगै0 | |
| | | 10 | 336 P | रैयती | टाड़–3 | 0.2600 | | तदैव | |
| 11 | | 17 | 358 P | रैयती | धान खेत–3 | 0.1600 | 11 | पनवा देवी पति बनारसी प्रजापति | |
| 12 | | 17 | 358 P | रैयती | धान खेत–3 | 0.0650 | 12 | प्रेमचन्द्र प्रसाद पिता शिव शंकर प्रसाद | |
| 13 | | 17 | 335 | रैयती | टाड़–3 | 0.3266 | 13 | वसीर उदीन वो नसीर उदीन वो मोहमद अनिस पिता शेख महमद अली | नसीर मौलवी |
| 14 | | 2 | 342 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0343 | 14 | मो0 वसीम मो0 सुहेल पिता स्व0 वकील अहमद | |
| 15 | | 10 | 336 P | रैयती | टाड़–3 | 0.1647 | 15 | मोहिउदीन अहमद पिता अब्दुर रजाक | |
| 16 | | 5 | 319 | रैयती | धान खेत–3 | 0.0009 | 16 | श्रीमती शुशिला देवी पति अशोक कुमार यादव | |
| 17 | | 17 | 358 P | रैयती | धान खेत–3 | 0.2550 | 17 | हरिनारायण प्रसाद पिता शिवशंकर प्रसाद | |
| 18 | | 18 | 320 P | रैयती | टाड़–3 | 0.0223 | 18 | अज्ञात | |
| 19 | | 18 | 321 | रैयती | धान खेत–3 | 0.1160 | 19 | अज्ञात | |
| | | | | | कुल | 4.3752 | | | |

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 310936 Palamu(23-24).D

# सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकानों में व्याप्त अनियमितता में अब तक सुधार नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता




**कांडी ।** सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकानों में व्याप्त अनियमितता में किसी भी हाल में सुधार नहीं होता। इसका कारण प्रशासनिक लापरवाही है। लाभुकों द्वारा लगातार मिल रही शिकायत के आलोक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कांडी के द्वारा जांच के दौरान शिकायत को सही पायें जाने पर उक्त स्वयं सहायता समूह के सभी 10 सदस्यों के विरुद्ध कांडी थाना में बीडीओ सह बीएसओ के द्वारा खुद नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दिए गए आवेदन के आलोक में कांडी थाना में कांड संख्या 68/23 दिनांक 20 सितंबर 2023 दर्ज किया गया था। मालूम हो कि उपायुक्त से प्राप्त लाभुको का आवेदन, प्रेस कतरन एवं वीडियो क्लिप के माध्यम से प्राप्त शिकायत के बाद ममता स्वयं सहायता समूह ग्राम रतनगढ़ पंचायत घटहुआं कला की पीडीएस दुकान लाइसेंस नंबर 56/11 के दुकान की प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा जांच की गयी थी। साथ ही अगस्त और सितंबर महीने का राशन पूर्व क्लोजिंग बैलेंस होने के कारण आवंटन शून्य हो गया था। लाभुकों का आरोप था कि जून में कुछ लोगों को राशन नहीं दिया गया है। अतः समूह की अध्यक्ष ममता देवी पति राम व्रत विश्वकर्मा, राजमती देवी पति रामनाथ रजवार, ममजा देवी पति कमलेश यादव, सरिता देवी पति दीनानाथ सिंह, कलावती देवी पति श्यामनाथ विश्वकर्मा, प्रमिला देवी पति प्रदीप विश्वकर्मा, शांति देवी पति श्यामलाल रजवार निवासी रतनगढ़ पंचायत घटहुआं कला के खिलाफ कांडी थाना कांड संख्या 68/23 तिथि 20 सितंबर 2023 के अनुसार भारतीय दंड विधान की धारा 409, 420, 421 और 34 के तहत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जब एफआईआर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती तो मात्र शिकायत करने से क्या प्रभाव पड़ेगा। यही कारण है कि गांव की लाइफ लाइन जन वितरण प्रणाली बिल्कुल बे लगाम होकर रह गयी है। जिसका नतीजा है कि कई सालों से सुखाड़ एवं अकाल का सामना कर रहे लोगों को भुखमरी का शिकार होना पड़ रहा है।

क्या कहते हैं एसपी : इस संबंध में गढ़वा जिला के पुलिस कप्तान दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि इस मामले का अभी तक सुपरविजन नहीं हुआ है। वैसे मैं खुद इस मामले का रिव्यू कर रहा हूं।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नालसा नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देशानुसार अनुसार तथा प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विद्या विकास+2 उच्च विद्यालय, नवाड़ीपारा लोहरदगा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बच्चों को गुड टच, बैड टच की जानकारी दी। पोस्को कानून की जानकारी के साथ साथ- डालसा द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में लोगों को बताया गया। पैनल अधिवक्ता नारायण साहू ने भी बच्चों को को विभिन्न कानून की जानकारी दी।

# घूस लेते पेशकार धराया

## लातेहार में एसीबी की टीम ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिला प्रशासन के अधिकारी डिसी एलआर के पेशकार विपिन किशोर एक्का को 5000 हजार रुपया रिश्वत लेते पलामू प्रमंडलीय कार्यालय के एसीबी टीम ने आज बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया है। मामला मनिका प्रखंड निवासी शंकर पासवान, पिता स्वर्गीय नारायण मांझी ने आवेदन दिया है की उनके और नामी पासवान के बीच जमीन को लेकर मुकदमा चल रहा था, जिसमें मुकदमा संख्या vec 7*0-15/2223 में शंकर के पक्ष में फैसला हुआ, जब वादी डीसी एलआर के कार्यालय में पेशकार बिपिन से बोला की डिग्री का नकल दे दीजिये, बिपिन ने वादी से नकल देने के एवज में आठ हजार रुपये की मांग की, वादी ने अपनी गरीब होना, पैसा नही होना कहकर नकल की मांग की, बिपिन ने कहा कि पांच हजार रुपये लगेगा, नहीं दिया तो नकल फाड़कर फेंक देंगे जो करना है कर लो। वादी ने पलामू स्थित भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय जाकर आवेदन दिया और आप बीती बतायी, भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय के लोगों ने इस बात की जांच की तो मामला सत्य पाया और अपना जाल बिछाया और वादी शंकर पासवान से पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# चौकीदार सादिक अंसारी की मिट्टी में शरीक हुए भाजपा प्रवक्ता प्रतुल

> चौकीदार सादिक की हत्या की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, घटना का उद्वेदन हो वरना बड़ा आंदोलन होगा: प्रतुल शाहदेव



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने चंदवा में चौकीदार सादिक की हुई निर्मम हत्या की घटना की कड़ी निंदा की। प्रतुल सादिक के जनाजे में शामिल हुए और कब्रिस्तान जाकर मिट्टी दी। उसके बाद प्रतुल ने मृतक सादिक के परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया।

प्रतुल ने थाने जाकर इस घटना का उद्वेदन करने वाले एसआईटी के सदस्यों से भी मुलाकात की और अविलंब कातिलों की गिरफ्तारी की मांग की। थाने से निकलने के बाद प्रतुल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सादिक की हत्या इस क्षेत्र में राष्ट्र विरोधी ताकत/अपराधियों के बुलंद हौसलों को दिखाता है।इस हत्या से जनता में बेहद रोष है। अगर इस घटना का अविलंब उद्वेदन नहीं हुआ तो जनता आर पार के आंदोलन के मूड में है। इस अवसर पर जावेद अख्तर, साजिद खान, दीपक निषाद, महबूब अंसारी, शिवनाथ यादव, कृष्ण कुमार, विक्की वर्मा, छोटू कुमार, प्रदीप कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बच्चों के विकास में अपनी भूमिका निभायें जन प्रतिनिधि, यह उनका दायित्व: जिप अध्यक्ष

> नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि/स्थानीय प्राधिकार के कार्य और दायित्व पर सम्मेलन आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा बालिका, लोहरदगा में झारखंड शिक्षा परियोजना (समग्र शिक्षा अभियान) लोहरदगा के द्वारा बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पंचायत प्रतिनिधि/स्थानीय प्राधिकार के कार्य और दायित्व पर सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी शामिल हुईं। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा हमारी प्राथमिकता में सर्वोपरी है। हम सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि अपने क्षेत्र के बच्चों के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं। हम आप सभी गांव की सरकार हैं। हमारी जवाबदेही ज्यादा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि स्थानीय विद्यालयों में सारे कार्यक्रम सही रूप से संचालित हों। कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा प्रयास, प्रोजेक्ट रेल,इम्पैक्ट, मध्याह्न भोजन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी जीतेंद्र मित्तल, सीआरपी द्वारा उपलब्ध कराई गई। इस सम्मेलन कार्यक्रम में सढ़ाबे पंचायत, चिरी पंचायत, सीरम पंचायत, पाखर पंचायत आदि मुखिया द्वारा भी संबोधित किया गया।

# मंत्री चंपाई सोरेन से मिले कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, जताया आभार



**कुडू/लोहरदगा।** झारखंड राज्य के अनुसूचित जन जाति अनुसूचित जाति कल्याण और परिवहन विभाग मंत्री चंपाई सोरेन से लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडू प्रखंड के उप प्रमुख सह झामुमो नेता ऐनुल अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिलकर जिले में सरना, मसना, स्थल घेरा बंदी और सुंदरीकरण, धुमकुड़िया निर्माण, संस्कृति भवन, निर्माण जैसे अनेकों योजनाएं समेत कल्याण विभाग की ओर से जनहित में करायी गयी कार्यों से अवगत कराते हुए प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री चंपई सोरेन का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान मंत्री चंपाई सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोहरदगा जिला राज्य का सबसे छोटा और पिछड़ा जिला है जहां पर निवास करने वाले सभी समुदाय के हित में, सरना, मसना, धुमकुड़ियां, संस्कृति भवन निर्माण और सुंदीकरण सहित अन्य योजनाओं को मूर्त रूप दिलाना हमारा मूल कर्तव्य है। इस बीच हेमंत सोरेन सरकार का आगामी 15 नवंबर को चार साल कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा फेज शुरू होगा। इस सरहानीय कार्य के लिए मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जी का प्रतिनिधिमंडल ने आभार जताया। मौके पर कुडू उप प्रमुख सह झामुमो नेता ऐनुल अंसारी, झामुमो प्रखंड सचिव अफरोज आलम, झामुमो नेता संजू तुरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नीरू शांति ने 100 कंबलों का वितरण किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड लोहरदगा के हिरही पंचायत में आजसू अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शमीम अंसारी के सौजन्य से गरीब असहाय लोगों के बीच ठंड को देखते हुए कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत के द्वारा जरूरतमन्द लोगों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। हिरही के सदर/सेक्रेटरी ने कहा कि जिस तरह से 2009 ओर 2014 में हमारे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग झोला भर के लोहरदगा विधानसभा से स्व. कमल किशोर भगत को वोट देने का काम किया था, ठीक उसी तरह आगामी 2024 के विधानसभा में इस बार हमसब लोग नीरू शांति भगत के साथ में रहेंगे और पूरे लोहरदगा में जाकर हमसब अपने समाज से अपील भी करेंगे कि जिस तरह से हमलोगों के लिए कमल किशोर भगत काम करते थे, आशा है कि ये भी हमारे समाज के लिए काम करेगी। मौके पर हिरही वार्ड सदस्य रेहान अंसारी, नगर सचिव राजन मेहता, जिला अध्यक्ष छात्र संघ के जिला अध्यक्ष आयुष महतो, नजरुल इस्लाम, रामकिशोर उराँव व अन्य उपस्थित रहे।

## उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में पथ निर्माण की बैठक हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में पथ निर्माण की बैठक हुई। बैठक में आरईओ, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ), नगर परिषद समेत अन्य विभागों के पथ एवं पुल निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गयी। आरईओ अंतर्गत सनई-हपात पथ में उच्च स्तरीय पुल, नारी धुवामीड़-सांगोडीह मक्का पथ, सात वर्षों से पुराने और एक किमी लंबाई के पथों के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव, सनई-हपात पथ, पझरी-कोटा वाया बिटपी डुमरी पथ, भंडरा से कैरो पथ वाया आकाशी, मन्हो मोड़ से भक्सो मोड़, पथ विभाग अंतर्गत शंख-चतरा (लुकैया मोड़) पथ, चट्टी-टाटी चौक पथ, कैरो नया टोली से जिंगी मोड़ समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा हुई। सभी योजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

# कैरो भाजपा ने शुरू की 15 की तैयारी




आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो लोहरदगा।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में मंडल अध्यक्ष लखन उरांव जी के अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी प्रखंड कार्यसमिति का बैठक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की चित्र पर माल्यार्पण, धूपदीप और वंदेमातरम गान के साथ प्रारंभ की गयी। 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रुप में मनाने को लेकर लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आगमन को सफल बनाने को लेकर की गयी। कार्यक्रम में पूर्व माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति जी ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस एक ऐतिहासिक पर्व की तरह मनाने की सोच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की है। खूंटी की धरती में भगवान बिरसा मुंडा जी को नमन करते हुए उनके वंशजो से बातचीत करने का काम प्रधानमंत्री जी करेंगे। उक्त तिथि को प्रखंड क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को भाग लेने के लिए आह्वाहन की गयी है। मौके पर पूर्व माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति जिला मंत्री ओम गुप्ता मंडल अध्यक्ष लखन उरांव अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव जिला कार्यसमिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू, दीपक साहू, संजीव शुक्ला, नसीर आलम, संजय महली, शिवचरण तुरी, धुचु उरांव, बिदेशी रविदास, इकबाल अंसारी, फलिंद्र रविदास, अनिल महतो, शुरेश महतो, रामप्रसाद पाल लौकेश कुमार इत्यादि भाजपाई उपस्थित थें।

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बनें : राधा तिर्की



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं के बीच मुर्गी चूजा और सुकर का वितरण किया गया। जिप सदस्य राधा तिर्की, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत की मौजूदगी में 16 लाभुकों के बीच बॉयरलर और लेयर मुर्गी का चूजा तथा सुकरु वितरण किया गया। वही हर लाभुकों के बीच 500 बॉयरलर मुर्गी चूजा व 400 लेयर मुर्गी चूजा तथा 5 - 5 सुकर का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज सिंह, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पशु चिकित्सक डॉ. अमरदीप तिग्गा, बाबुसाहेब सिंह के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

## एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। समावेशी शिक्षा अंतर्गत लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन न्यू टाऊन हाल में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीता पुष्पा, एडीपीओ आम्बुज्य कुमार पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, अशोक, फील्ड मैनेजर आकाश और आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी सेविका की महती भूमिका की जानकारी देकर उनके द्वारा दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील बनने हेतु प्रेरित की गयी। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी की सेविका और सहायिका उपस्थित हुए।

# नदिया में बन रहे अस्पताल का पूर्व विधायक और सर्जन ने किया निरीक्षण



> मजदूरों को कम भुगतान करने और निर्माण शर्तों के विपरीत कार्य होने की शिकायत मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नदिया ग्राम में 51 करोड़ की लागत से बना रहे सौ शैय्या क्रिटिकल केयर बिल्डिंग, डॉक्टर, नर्स क्वार्टर निर्माण कार्य का पूर्व विधायक सुखदेव भगत व सिविल सर्जन डॉक्टर राजमोहन खलखो ने निरीक्षण किया। यह भवन झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के द्वारा बनाया जा रहा है। जिसका संवेदक राज कंस्ट्रक्शन गढ़वा है। साइट पहुंचने पर सुखदेव भगत ने पाया कि भवन का निर्माण काफी घटिया और एस्टीमेट के विपरीत हुआ है। मौके पर श्री भगत ने पाया कि मजदूरों की सुरक्षा हेतु मजदूरों को सेफ्टी बेल्ट तथा हेलमेट जो दिया जाता है वह मजदूरों को नहीं मिला है। महिला मजदूरों ने बताया कि उन्हें 300 रुपये तथा पुरुषों को 400 रुपये मजदूरी मिलता है जबकि सभी मजदूरों को सरकारी दर 421 रुपया से भुगतान करना है। मजदूरों ने बताया कि उन्हें सादा पेपर में हस्ताक्षर कर लिया जाता है। यह मजदूर विगत 9- 10 महीना से काम कर रहे हैं। संवेदक द्वारा मजदूरों को मजदूरी कम भुगतान करने को श्री भगत गंभीरता से लेते हुए तुरंत साइट पर जिला श्रम अधिकारी को बुलाकर सारी वस्तु स्थिति अवगत कराये। श्री भगत ने घटिया निर्माण की शिकायत कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग से किया। कार्यपालक अभियंता ने तुरंत कनीय अभियंता किशोर मुर्मू को साइट पर भेजें।

## त्योहार प्रेम का प्रतीक, शांतिपूर्ण ढंग से मनायें



कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो दीपो का त्योहार दीपावली व आस्था का महापर्व छठ को लेकर बुधवार को थाना परिसर कैरो में थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव की अध्यक्षता में शांतिसमिति की बैठक हुई। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि सभी पर्व त्योहार को मिलजुलकर आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ त्योहार मनाना चाहिये।थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रसाशन हमेशा तैयार है खासकर पर्व त्योहार के अवसर चौकसी बढ़ा दी जाती है परंतु क्षेत्र के आम जनता की सहयोग की भी जरूरत है। जुआ और शराब पर अंकुश लगाने को लेकर कैरो पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार गस्ती व छापेमारी की जा रही है। मौके पर एस आई ऋषिकांत शर्मा, वर्मा उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, छठ पूजा समिति कैरो के अध्यक्ष कृष्णा साहू, कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू, नाजिर आलम खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, जमील आदि उपस्थित थे।

## पासवा लोहरदगा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह इसी माह

# दो हजार शिक्षकों को सम्मानित करेगी संस्था: आलोक दूबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) इस महीने के अंतिम सप्ताह में लोहरदगा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बीएस कॉलेज मल्टीपरपस हॉल लोहरदगा में आयोजित करेगी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी चर्चा होगी। शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर पासवा प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दूबे बुधवार को लोहरदगा पहुंचे और सहयोगी संजय दूबे और निश्चित जयसवाल के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक आपरुपा पाल चौधरी से मुलाकात कर शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल होने और सहयोग करने का अनुरोध किया। साथ ही साथ लोहरदगा जिला पासवा के पदाधिकारियों के साथ परिसदन में बैठक कर विचार विमर्श किया। बैठक में कहा गया कि लोहरदगा जिला में अब तक का सबसे बड़ा शिक्षक सम्मान आयोजित कर कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा। बैठक में लोहरदगा जिला पासवा अध्यक्ष माजीद आलम, पासवा के वरिष्ठ पदाधिकारी संजय दूबे एवं निश्चित जयसवाल उपस्थित थे। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू , पासवा के मुख्य संरक्षक व राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया शिक्षक सम्मान समारोह में जिला भर से लगभग 2000 से अधिक उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। सम्मान समारोह में गणमान्य अतिथियों एवं शिक्षाविदों द्वारा शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान के लिए मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जायेगा। पासवा निजी विद्यालय के प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर को भी इस मौके पर सम्मानित करेगी। सम्मान समारोह के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी चर्चा होगी एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा तथा आरटीई कानून में तब्दीली कर निजी विद्यालयों को हो रही परेशानियों पर भी चर्चा की जाएगी। आलोक दूबे ने बताया पासवा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर निजी विद्यालयों में कम वेतन पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षकों को समाज में प्रतिष्ठा एवं पहचान दिलाने का काम कर रही है। पूरे देश में पासवा ही एक ऐसी संस्था है जो निजी विद्यालयों के शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करती है।आज झारखंड जैसे प्रदेश में अगर बच्चे शिक्षित हो रहे हैं, लोहरदगा के नौनिहाल अगर अपना लोहा मनवा रहे हैं तो नब्बे प्रतिशत योगदान निजी विद्यालयों की होती है। पासवा जल्द ही व्हाट्स अप नंबर एवं मेल आइडी जारी कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। 10 सितंबर को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजन के उपरांत राज्य के विभिन्न जिलों में भी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किये जा रहे हैं। उसी कड़ी में लोहरदग्गा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह नवम्बर महीने के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जायेगा।

## चौकीदार सादिक के जनाजे में शामिल हुए चौकीदार संघ के पदाधिकारी

चंदवा । चंदवा थाना के चौकीदार सादिक अंसारी की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। जिनका जनाजे की नमाज चंदवा में पढ़ी गयी। चौकीदार के जनाजे में झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के प्रदेश संयुक्त सचिव समसुल अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथिलेश यादव, लोहरदगा जिला सचिव निजावत अंसारी, लातेहार जिला अध्यक्ष अनिल पासवान, सयुब, रोजाऊदीन, चंदवा थाना के राजकिशोर महली, बनेस महतो, जगदीश तुरी शामिल हुए। और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। कहा कि आपके हर सुख दुख में झारखंड राज्य चौकीदार पंचायत हमेशा आप लोगों के साथ है। जहां जरूरत पड़ेगी संगठन हर संभव मदद करता रहेगा।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन




सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम की अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु परंपरागत चिकित्सक पद्धति का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा सेन्हा पंचायत भवन में किया गया। टीबी मुक्त पंचायत और गांव बनाने की दिशा में परंपरागत चिकित्सक के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी को लेकर लोगों को जागरूक करने और सैंपल जांच कराने में एक सक्रिय भूमिका निभाया जायेगा। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों मे अभी भी लोगों के द्वारा परम्परागत चिकित्सकों की मान्यताएं दी जाती है। ऐसे में सैंपल जांच कराने हेतु प्रेरित करने को लेकर इनकी भूमिका काफी अहम हो जाती है। कार्यक्रम के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा संदिग्ध टीबी मरीजों का स्पूटम जांच कराने में सहयोग करने हेतु सभी प्रतिभागियों को रेफरल स्लीप, स्पूटम कप और जीपर का वितरण किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 09 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in
09

## कर्ज चुकाओ सुकून बढ़ाओ शिविर शुरू

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** एलडीम के निर्देश पर बैंक ऑफ इंडिया चैनपुर में 9 नवंबर को कर्ज चुकाओ सुकून बढ़ाओ शिविर लगाया जाएगा। जिस में एनपीए ग्राहकों को आकर्षक शर्तों पर एक मुफ्त समाधान का अवसर प्रदान किया जाएगा जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि चैनपुर , डुमरी और जारी बैंक ऑफ इंडिया शाखा में ऋण मुक्ति शिविर चैनपुर में लगेगा। इस शिविर में एनपीए खाता धारकों का लोन समायोजन (समझौता) किया जायेगा। साथ ही खाता धारक शिविर में अपने ऋण से संबंधित जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं, उन्होंने चैनपुर शाखा के तमाम ऋण धारकों से इस शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है। जिससे की भविष्य में दोबारा से विभिन्न तरह का ऋण का लाभ मिल सके।

## 15 को बिरसा जयंतीऔर स्थापना दिवस मनायेगा झानद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल 15 नवंबर को जिला मुख्यालय गुमला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कैडर कन्वेंशन कार्यक्रम आयोजित कर वीर बिरसा मुंडा जयंती को पुष्पांजलि दी जाएगी। वहीं झारखंड नवनिर्माण दल का स्थापना दिवस भी मनाई जाएगी । झारखंड राज्य की स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्वजों व शहीदों के सपनों का झारखंड नवनिर्माण के लिए आंदोलन को तेज करने की भी भावी रणनीति कन्वेंशन में बनाई जाएगी। अलग राज्य के इन 22 वर्षों के बाद भी झारखंड में सर्वमान्य स्थानीय व नियोजन नीति झारखंड की सत्ता में बैठने वाली कोई भी सरकार नहीं बना पाई है। झारखंड नवनिर्माण दल का गठन शहीदों के सपनों के अनुरूप खुशहाल झारखंड बनाने के लिए हुई है । झारखंड का मौजूदा हालात बताता है कि आज पूरी तरह से झारखंड लूटखंड में तब्दील होते जा रही है जिसे झारखंडी जनता बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## हत्या कर युवक को नाले में फेंका

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के कटिम्बा गांव के युवक सुमन एक्का 32 वर्ष की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से वार कर निर्मम हत्या कर दिया व शव को छुपाने के उद्देश्य से तेलगा जाम नाला में फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया व मामले की छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक सुमन एक्का सोमवार से लापता हो गया था परिजन उसको खोजबीन किया पर कोई अता पता नहीं चला इसके बाद सुबह जंगल की ओर मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने नाला के समीप खून का धब्बा देखा व आगे शव देख कर मामले की जानकारी परिजनों को दी ।

## मांग को लेकर सीएस कार्यालय में प्रदर्शन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सेवा स्थायी करने सहित अन्य मांगों को लेकर अनुबंध पर काम कर रहे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय के गेट पर धरना दिया और नारेबाजी कर विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से अनुबंध कर्मियों ने स्थायी नियुक्ति करने, महंगाई भत्ता देने व उसी के अनुरूप मानदेय भुगतान का आदेश निर्गत करने, स्वास्थ्य बीमा सुविधा लागू करने, सेवा काल में मृत्यु पर आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की सुविधा दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सिविल सर्जन को सौंपा है। विरोध प्रदर्शन में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला सचिव भूषण कुमार, जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सचिव जीवाहन उरांव, अनुबंध कर्मचारी संघ के सचिव मंजूष लकड़ा, सुशीला आदि शामिल थे।

# आजसू के सम्मेलन में राज्य सरकार पर साधा निशाना

आजार सिपाही संवाददाता



**जारी।** अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड में आजसू का प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम, प्रखंड कार्यक्रम प्रभारी सह सचिव सद्दाम हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु ने आने संबोधन में कहा कि झारखंड आजसू पार्टी के संघर्ष और बलिदान के बल पर मिला है।

अभी की वर्तमान सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन ने 1992 में 3 करोड़ लेकर झारखंड को बेचने का काम किया था। और मंत्री पद स्वीकार कर झारखंड को अलग नही होने दिया। जारी प्रखंड का निर्माण भी सुदेश महतो की देन है। महासचिव आनन्द गुप्ता ने कहा कि झारखंड के अलग हुए 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी अल्बर्ट एक्का जारी विकास के नाम पर काफी पीछे है। चैनपुर से जारी जाने वाली सड़क की हालत भी काफी खराब है। वर्तमान विधायक गहरी नींद में सोए है। उनको जनता और छेत्र के विकास से कोई मतलब नहीं है। सभा के पश्चात प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बड़ाइक को चुना गया, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद सिंह, वही महासचिव अब्दुल मन्नान खान को चयन किया गया, सचिव के रूप में इशाक कुजूर, उपाध्यक्ष शाहबाज खान, वाहिद खान, किशोर खेरवार, राजेंद्र उरांव, अरबाज खान, श्याम भगत, कोषाध्यक्ष जुबेर खान, संगठन सचिव हरिश्वर यादव, महिला प्रखंड अध्यक्ष अणिमा खलखो को आदि को सर्वसम्मति से पार्टी में शामिल कर जिम्मेदारी सौंपी गई। जे एम एम छोड़ आजसू पार्टी में शामिल होने वालों में किशोर खेरवार, नारायण खेरवार, केशवर खेरवार, जगन्नाथ खेरवार, गंगा बड़ी, संतु बड़ी, रामवृक्ष खेरवार, भादरू खेरवार, खोया यादव,राजेंद्र उरांव, अमीन खान, शाहबाज खान, सकीम खान, प्रकाश बढ़ाइक, रोपण अहीर, कालेश्वर भगत, वाहिद खान, अरबाज खान, अब्दुल मन्नान खान,अरविंद सिंह, एनिमा खालको, जुबेर आलम, फरमान आलम, जगन्नाथ खेरवार, महमूद आलम बबलू , सूरज एक्का इत्यादि लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु, महासचिव आनंद गुप्ता, महिला अध्यक्ष किरण सिंह, केंद्रीय सदस्य बोनिफास कुजूर, केंद्रीय सदस्य प्रमोद खलखो, महिला सचिव पिंकी कुजूर, माधुरी मिंज, दिलीप एक्का मौजूद थे।

## पुलिसकर्मियों की मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** पर्यटक स्थल बाघमुण्डा में बुधवार को गुमला पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में पूरे जिले के पुलिसकर्मियों की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि प्रत्येक महीनें हमारा प्रत्येक अनुमंडल, अंचल एवं थाना का एक रिव्यू होता हैं इसमें देखा जाता है कि इनका परफॉर्मेंस कैसा रहा। इनमें क्राइम, वारंट, लॉयन ऑडर, नोटिस एवं मेजर क्राइम को लेकर क्या काम किया गया हैं इसमें क्या क्या खामियां थीं एवं इसपर कैसे सुधार की जा सकती है इसपर विस्तृत चर्चा की जाती हैं। इसी को लेकर आज बसिया में बैठक आयोजित की गई थीं। वहीं आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर भी विस्तृत चर्चा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए क्योंकि अब चुनाव का समय कम बचा हैं और हर जगह से डेटा की मांग की जा रही है।हर जगह चुनाव मशीनरी एक्टिव हो रहीं हैं और बहुत ही जल्द एक नेशनल अफिशर्स की चुनाव को लेकर मीटिंग आयोजित होने वाली है इसी के तैयारी को लेकर चर्चा की गई। वहीं थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में चुनाव को लेकर क्या क्यां तैयारियां करनी हैं जिससें की चुनाव शांतिपूर्ण एवं सफलता पूर्वक सम्पन हो सके इसकी बारीकियों पर चर्चा की गई।

## मनरेगा लोकपाल ने किया योजनाओं का निरीक्षण और कर्मियों संग बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता





**बिशुनपुर ।** मनरेगा लोकपाल शहबान शेख की अध्यक्षता मे बुधवार को प्रखण्ड कार्यालय सभागार में मनरेगा कमीयों के साथ बैठक आयोजित की गई।जहां प्रखण्ड के तमाम पंचायतों में संचालित 15 वित्त आयोग प्रधानमंत्री आवास एवं मनरेगा योजना अंतर्गत आम बगवानी, दीदी बाड़ी, गाय शेड, मुर्गी शेड, बकरी शेड, तालाब, कुप निर्माण,भुमि समतलिकरण एंव अन्य मनरेगा योजनाओ के अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेखों में मिले कुछ त्रुटियों का सुधार करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सभी मनरेगा कमीयों को लोकपाल के कार्य व अधिकार की जानकारी देते हुए निर्देश दिया की मनरेगा कार्य मे किसी प्रकार की कोई कमी सामने आने पर विधिसमत कार्यवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं का तीन स्टेप में फोटो अनिवार्य है साथ ही योजना स्थल में मनरेगा मजदूरों की सुरक्षा किट एवं बोर्ड अनिवार्य है । इससे पूर्व लोकपाल शहबान शेख के द्वारा सेरका पंचायत में कुप निर्माण एवं आम बागवानी का निरिक्षण किया गया। प्रभारी बीपीओ सह सहायक अभियंता सत्येंद्र कुमार कनीय अभियंता आशुतोष कुमार रोजगार सेवक प्रदीप भगत, ज्योति कुमारी, अनिल उरांव, अरुण किंडो, एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक, अभियंता 15वें वित्त आयोग सहित मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## चोरी के सामान के साथ युवक को लोगों ने पुलिस को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड कार्यालय के पीछे किराया पर रहने वाले विनोद राम के पुत्र गौतम कुमार को चोरी के सामान के साथ पकड़कर बुधवार को महुआडीपा के स्थानीय लोगों ने पुलिस को सौंपा दिया। बुधवार की सुबह चोर लोगों के हत्थे उस वक्त चढ़ा जब वह चोरी के चार कुर्सी व अन्य सामान को बेचने के लिए महुआडीपा में ग्राहक खोज रहा था। इसी दौरान कुर्सी के मालिक विकास कुमार ने अपने दुकान की कुर्सी को पहचान लिया और उसे पकड़कर पूछताछ करने लगा, इतने में वहां लोगों की भारी भीड जुट गई। लोगों के पूछताछ में गौतम ने मेन रोड़ स्थित सनंत केशरी के वाहन से पांच बार डीजल चोरी करने,विकास के दुकान से कुर्सी, निमार्णाधीन मकान से छड़ रिंग सहित अन्य सामान की पांच बार चोरी करने, पीडीएस गोदाम में चोरी,रावण मैदान से साइकिल सहित दर्जनों जगह चोरी करने की बात स्वीकारते हुए अपने चोर साथियों का नाम पता भी बताया है,और चोरी के सामान को कहां और किस किस को बेचता था, उसकी भी जानकारी बताई है। चोर के पकड़ने की खबर फैलते ही चोरी के शिकार दर्जनों पीड़ित मौके पर पहुंचकर अपने अपने सामानों की चोरी की जानकारी देने लगे। गौतम के अनुसार रहमत नगर,थाना रोड व सिसई बस्ती के दर्जन भर से अधिक युवक की टोली चोर गिरोह में शामिल है। इनका पेशा स्कूल,घर,वाहन व दुकानों में सेंधमारी कर सामान की चोरी करना है। इन लोगों से चोरी का सामान खरीदने वाले ग्राहक भी निर्धारित है। चोरी के एक मामले में गौतम जेल भी जा चुका है वही सनंत केशरी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गौतम के विरुद्ध 15 दिन पहले डीजल चोरी का केस दर्ज कराया है। इस मामले में भी पुलिस गौतम को खोज रही थी।

प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर चोरी की घटना हो चुकी है, लोग बढ़ती चोरी से खासा परेशान हैं। लोगों ने गौतम के द्वारा बताए गए चोरों व चोरी के सामान खरीदने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग किया है।

## कर्मियों के स्थायीकरण को लेकर सौंपा मांग पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड एनआरएचएम, एएनएम, जीएनएम, पारामेडिकल अनुबंध कर्मचारी संघ ने लगातार 17 वर्षों से कार्यरत कर्मियों को स्थाईकरण को लेकर मांग पत्र सौंपा। सिविल सर्जन के माध्यम से सरकार के स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव, अभियान निदेशक एवं मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा गया है। धरना प्रदर्शन में सैकड़ो अनुबंध कर्मी भाग लिए एवं अभिलंब स्थाईकरण करने का मांग सरकार से की गई । इस धरना प्रदर्शन में झारखंड राज्य आराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला सचिव भूषण कुमार एवं झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव जीत वाहन उरांव के साथ अनुबंध संघ के जिला सचिव मंजूषा लकड़ा के साथ संघ के सदस्य सुशीला कुमारी सुनीता कुमारी मालती कुमारी सरस्वती कुमारी मधु कुजुर जिला दिन विंडो ज्योति किरण प्यारी सुगंती आदि इस धरना प्रदर्शन में भाग लिया तथा साथ में माह अक्टूबर 2023 का मानदेय भुगतान नहीं करने पर आक्रोश व्यक्त किया गया था । समय पर वेतन आदि का भुगतान करने का मांग की गई । अपनी बात रखते हुए प्रवीण कुमार एवं सुधांशु मिश्रा ने मांग पूर्ति करने की बात कही।

## क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने खेती योग्य भूमि पर सड़क निर्माण का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारत माला परियोजना के तहत चरिअम्बा से कटकायां तक बत्तीस किमी कृषि योग्य जमीन में रायपुर - धनबाद एक्सप्रेस वे के प्रस्तावित निर्माण के विरोध में स्थानीय सरकारी बस डिपो से तीन दिवसीय अस्तित्व बचाओ पदयात्रा जिलाध्यक्ष सनिया उरांव तथा चापा उरांव के संयुक्त नेतृत्व में आरम्भ हुआ। इस सम्बन्ध में सनिया उरांव ने कहा कि महासभा विकास की विरोधी नहीं है। लेकिन राज्य में जमीन के मुआवजे की राशि इतनी कम है कि जमीन के बदले मिली राशि से भू स्वामी किसानों की जिन्दगी बेहतर नहीं की जा सकती है। आजादी के इस अमृतकाल में गरीबों और किसानों की कुबार्नी लेकर विकास का ढिंढोरा पीटा जाना गलत है। स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत को हम यही बात बताने जा रहे हैं । पदयात्रा का समापन 10 नवम्बर को सांसद का पुश्तैनी गांव डुमरी प्रखण्ड के टांगरडीह में किया जाएगा। पदयात्रा में अनुज उरांव, लोथे उरांव, मनबहाल मिंज, फौदा उरांव, सुरेश प्रसाद यादव, बोलो उरांव, गोविंद उरांव, प्रबोध मिंज, मंगरी उरांव, कांछा उरांव, बिरसा लोहरा,परशुराम उरांव, भुखली उरांव, गुंजरी देवी, धर्मवीर उरांव के सैकड़ों ग्रामीण किसान शामिल हैं ।

## उपायुक्त ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने समय-समय पर ईवीएम की रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, एसडीओ सदर,विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## दिवाली मेला सह मिलेट दिवस का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में महिला विकास मंडल की सदस्यों द्वारा निर्मित सामग्री तथा रागी के उत्पादों के विक्रय हेतु दीवाली मेला सह मिलेट दिवस का आयोजन जेएसएलपीएस बसिया, ग्रामीण विकास विभाग झांरखण्ड सरकार के द्वारा किया गया।इस दीपावली मेला सह मिलेट दिवस का उदघाटन एसडीओ जयवंती देवगम, जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग एवं विनोद भगत, प्रखंड प्रमुख जगरानी तिग्गा एवं अन्य अतिथियो द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उपप्रमुख इंदुमती देवी, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ दिनेश कुमार मुंडा, जेएसएलपीएस के विनोद कुमार समेत महिला मंडल की दीदियां उपस्थित थे।

## वन अधिकार भूमि पट्टा हेतु सभा आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही) ।** अबुआ वीर अबुआ डिशोम अभियान के तहत झारखंड सरकार एवं गुमला जिला के निदेर्शानुसार वन अधिकार भूमि पट्टा हेतु प्रखंड भरनो के सभी पंचायत के सभी गांव में ग्राम सभा के माध्यम से पारित कर लाभुकों को लाभ देने हेतु विशेष ग्राम सभा दिनांक 6 नवंबर 2023 से शुरू की गई है।ग्राम सभा अध्यक्ष की उपस्थिति में ग्राम सभा कर वन अधिकार समिति द्वारा अनुशंसा करते हुए अंचल के माध्यम से अनुमंडल तक वन अधिकार पट्टा हेतु आवेदन भेजने की प्रक्रिया चल रही है,जिसमें भरनो प्रखंड में अब तक पंचायत डुडीया,डोंबा,करंज करौंदाजोर,तुरिअंबा आदि पंचायत में ग्राम सभा कर लिया गया है।ग्राम सभा में प्रखंड से प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक भी उपस्थित हो रहे हैं।इस मौके पर बीएओ रामकृष्ण ओहदार,सीआई शाहिद अनवर,पूर्व मुखिया बसन्त उरांव, पंचायत सेवक हरिश्चंद्र साहू, रविन्द्र कुमार झा,स्नेहलता मिंज,बलराम भगत,शिवदेव लोहरा,शंकर सिंह आदि मौजूद थे।

## पशु चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के ग्राम दरकाना, कुरूमगढ में बुधवार को पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी के निदेर्शानुसार आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा अपने गाय, बैल, भैंस, बकरी को शिविर में लाया गया, तथा पशुपालन विभाग के डॉक्टर द्वारा निशुल्क इलाज एवं एवं लिवर टॉनिक, मल्टीविटामिन, एंटी अपरीयल आदि दावों का निशुल्क वितरण किया गया। साथ ही साथ 235 बकरियां एवं 291 बड़े जानवरों को ब्रूसेलोसिस का इंजेक्शन एवं वैक्सीन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी, डा. धर्म रक्षित विद्यार्थी, डा. रितू, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान, सचिव अनिरुद्ध चौबे, डॉक्टर शान्ति, प्रभारी वनपाल, चन्द्रेश चरण उरांव, वनरक्षी राजकुमार साहु, अभय प्रसाद,पंचायत समिति सदस्य कृष्णा उरांव, अखिलेश कुमार सिंह, व्रत कुमार आदि के साथ-साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही) ।** ब्लॉक चौक भरनो भाजपा कार्यालय के समीप बुधवार को भाजपा मंडल कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार पंडा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खूंटी आगमन को लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में भरनो भाजपा मंडल के कार्यकताओं को खूंटी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विशेष चर्चा किया गया। मौके पर मौजूद भरनो मंडल प्रभारी लालमोहन साहू और प्रवासी सागर उरांव ने कहा कि आगामी 15 नवंबर को खूंटी में प्रधानमंत्री का जनसभा में भरनो मंडल के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे,इसके लिए हमलोगों ने तैयारी करना अभी से शुरू कर दिया है, इसके लिए गांव-गांव में कार्यकर्ता प्रचार प्रसार कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लोगों को शामिल होकर इसको सफल बनाने के लिए अपील की जा रही है। इस मौके पर सभी भाजपा मंडल के पदाधिकारी ने मिलकर सभी पंचायतों में प्रभारी बनाकर उन्हें जिम्मेदारी सौपी। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रामनंदन साही,भोला प्रसाद केसरी,अशोक कुमार केसरी,किशोर साहू,हरिशंकर शाही,पीके सिंह,जितेंद्र चौबे, नीलम गुप्ता,नेसार खान, शिवचरण बरला, जगजीवन सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चावल लदे ट्रक बदमाश फरार

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** कौवाखोह एनएच 98 के समीप मंगलवार की देर रात बदमाश चावल से लदा एक ट्रक अगवा कर फरार हो गए है। ट्रक चालक संजय चौधरी ने बताया कि बिहार के अरवल से छत्तीसगढ़ के रायपुर के लिए जा रहा था। तभी मेदिनीनगर-औरंगाबाद एनएच 98 मुख्य मार्ग पर कौवाखोह के समीप अपराधियों ने टॉर्च जलाकर गाड़ी रुकवाया। इसके बाद एक गाड़ी के पास आया पेपर लेकर साहब के पास चलने को कहा। वह जब पेपर लेकर गाड़ी के पास गया तो अपराधियों ने जबरन गाड़ी पर बैठा लिया। चालक की मानें तो गाड़ी में चार अपराधी थे। कुछ दूर जाने के बाद चालक को गाड़ी से उतार दिया गया और ट्रक को लेकर फरार हो गए। जिसकी शिकायत चालक ने हरिहरगंज थाने में दर्ज कराई है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि चालक ने कुच अज्ञात लोगों ने चावल लदे ट्रक को अगवा कर फरार होने की शिकायत की है। पुलिस गहनता से जांच में जुट गई है।

### शिवबाला घाट स्थित बट पूजा चबूतरा निर्माण का शुरू कराया काम

# छठ पूजा में सजेगा कोयल रिवर फ्रंट : अरुणा शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने महापर्व छठ के लिए कई घाटों का निरीक्षण किया। कहा कि इस वर्ष भी निगम क्षेत्र के हर छठ घाटों की सफाई में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसकी निगरानी वे और उनकी टीम खुद करेंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि जहां-जहां घाटों में सफाई की आवश्यकता है मुझे या मेरे प्रतिनिधि को छठ घाटों की सफाई देख रही संस्था पूर्व में ही सूचित करें, ताकि निगम या मेरे निजी खर्च से सफाई कराई जा सके। बुधवार को अरुणा शंकर ने अपने निजी खर्च से जेसीबी लगाकर निगम क्षेत्र के प्रमुख घाट


छठ पूजा को लेकर छठ घाटों व साफ-सफाई का निरीक्षण करतीं अरुणा शंकर।

कोयल रिवर फ्रंट की सफाई का नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। कहा कि इस वर्ष निगम द्वारा निर्मित एवं झारखंड का चर्चित कोयल रिवर फ्रंट पर पहला छठ पूजा होगा। जिसका शुभारंभ पलामू चेंबर परिवार के सौजन्य से उनकी देखरेख में कोयल रिवर फ्रंट में निर्मित गंगा आरती मंच पर भव्य गंगा आरती एवं भजन से किया जाएगा। साथ ही घाटों को रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया जाएगा। सफाई की विशेष व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि इस वर्ष भी हमारे परिवार के सौजन्य एवं चेंबर की देखरेख में शिवाजी मैदान और इस वर्ष से चैनपुर सूर्य मंदिर प्रांगण में वैसे माता, बहने जो पैसे के अभाव में छठ नहीं कर पाती उनके लिए निःशुल्क सूप, नारियल, पूजा सामग्री और गुड़ का वितरण किया जाएगा। प्रथम महापौर ने शिवबाला घाट स्थित बट पूजा चबूतरा निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कराया।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते हैं: जीसी दिनकर

**बसपा का विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न, संगठन के मजबूती पर बल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कैडर समीक्षा बैठक बुधवार को शहर के टैक्सी स्टैंड परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी प्रमोद राम और संचालन चितरंजन दास ने किया। कार्यक्रम के पूर्व सैकड़ों बसपाईयों ने छोटी-बड़ी वाहनों से बाइक रैली निकाली और शहर के अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश प्रभारी जीसी दीनकर, केंद्रीय सदस्य प्रभारी रामबाबू, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरि



बैठक को संबोधित करते बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली।

यादव, पुनित अंबेडकर आदि ने डॉक्टर भीम राव अंबेडकर और काशीराम की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में जीसी दीनकर ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत और रीढ़ होते है। हमें पार्टी को आगे बढ़ाना है। इसके लिए हमें पूरी ईमानदारी और एक नई ऊर्जा के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने की जरूरत पर बल दिया। वहीं, शेर अली ने कहा कि बसपा एक मिशन है जो समाज के महापुरुषों के विचार पर चलने की पार्टी है। बैठक में केंद्रीय सदस्य प्रभारी रामबाबू, प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, हरि यादव, अजय भारती, सुहैल हक, सुदर्शन राम आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रणव सुमन, नूरुल खान, सब्बीर हुसैन, वीरेंद्र राम, गुरु प्रसाद, सुनैना कुंवर, फिरोज आलम, सल्लाहुदीन नूरी, इफ्तेखार आलम, मदन भारती, राजकुमार जी, कृष्णा राम, फरीद खान, अशद हुसैन, वकील सिद्दिकी आदि मौजूद थे।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम की हरिहरगंज में बैठक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए प्रखंड कार्यालय सभागार में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण की अध्यक्षता में बीएलओ एवं सुपर-वाइजर की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित्त सभी बीएलओ, सुपरवाइजर को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सीओ सह सहायक निर्वाचित पदाधिकारी यमुना रविदास ने लक्ष्य से काफी पीछे चल रहे मतदाता केंद्रों के बीएलओ को 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने, जनवरी 2024 में 18 वर्ष पूरा करने वाले मतदाताओं को पंजीकरण करने, मतदाता सूची में खराब फोटो, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो एवं दोबारा प्रविष्टि को जल्द से जल्द सुधार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फॉर्म 6, 7 एवं 8 भरने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी विनोद कुमार रवि, सुपरवाइजर राकेश कुमार, संतोष उरांव, रापत कुमकर एवं सभी बीएलओ शामिल थे।

# जल संरक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा जल दीपावली कार्यक्रम : हिमानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में वाटर फॉर वुमेन एंड वुमेन फॉर वाटर कार्यक्रम के तहत जल दिपावली का आयोजन किया गया। इस दौरान समूह की महिलाओं को देवरी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कराकर जल संरक्षण, रॉ वाटर के फिल्टरेशन प्रकिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा ने बताया कि महिलाओं के लिए पानी, पानी के लिए महिलाएं जल दिवाली




कार्यक्रम का उद्देश्य है। घरेलू जल प्रबंधन में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में महिलाओं को जल उपचार प्रक्रियाओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी देकर सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने की उनकी क्षमता बढ़ाना है। जल दिपावली कार्यक्रम अंतर्गत पानी के संरक्षण को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं को वाटर ट्रीटमेंट पर ले जाकर रॉ वाटर के फिल्टरेशन की प्रकिया बताई, ताकि महिलाएं जागरूक होकर पानी की कीमत समझ इसके संरक्षण में अपना योगदान दें। महिलाएं ही पानी का ज्यादा इस्तेमाल करती हैं। घर के बर्तन, कपड़े धुलने और अन्य चीजों में पानी का उपयोग ज्यादा करती हैं। इसलिए महिलाओं को पानी का महत्व समझाया गया। इस मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, राकेश सिंह, सीएलटीसी देवेंद्र कुमार, धीरज कुमार, संजीत कुमार आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## युवती ने पानी टंकी से लगायी छलांग, हालत गंभीर



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज पशु चिकित्सालय परिसर में लगे पानी टंकी से बुधवार को 20 वर्षीय युवती ने छलांग मारकर खुदकुशी करने की कोशिश की। हालांकि वह बच गई और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वह लेस्लीगंज की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक इस दिन तरीब तीन बजे वह पांनी टंकी पर चढ़ गई और वहां से कूद गई। पानी टंकी से उसकी घर 200 मीटर की दूरी पर है। लोगों की मानें तो वह टंकी कर चढ़कर चोर-चोर से चीखने लगी। आसपास के लोगों ने तुरंत लेस्लीगंज पुलिस को घटना की सूचना दी। लेस्लीगंज थाना के एएसआई राजीव कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लड़की को नीचे उतरने को कहा। लेकिन वह नीचे नहीं उतरी। अचानक एक लड़का बचाने की नियत से पानी टंकी पर चढ़ गया और लटकी का हाथ पकड़ लिया। लेकिन उसने लड़के से हाथ छुड़ाकर कूद गई। इस क्रम में टंकी के बीच वाले लगे लोहे की इगंल पर टकरा गई, जिससे उसके सिर में काफी गंभीर चोटे आई है। पुलिस ने तुरंत टंकी से उतार कर उसे नीलांबर पितांबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। उधर, लड़की की मां ने बताया कि छोटी सी बात को लेकर उसकी बेटी पड़ोसी वाले के घर में जाकर झगड़ा करने लगी। इस पर बगल के घर वाले ने उसे दो-तीन थप्पड़ मार दिया। उसके बाद लड़की टंकी पर चढ़कर कूद गयी। सूत्रों की मानें तो लड़की की मां ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। जांच फटकार भी लगाई थी। वहीं, एएसआई राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# 15 से शुरू होगा आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार अभियान को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से बुधवार को पलामू डीसी शशि रंजन ने सभी बीडीओ, सीओ एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक की। डीसी ने 15 नवंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभावित किये जाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। डीसी ने सभी बीडीओ को इस अभियान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लेने की बात कही। उन्होंने अलग-



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

अलग पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपा। कहा कि शिविर में जो भी आवेदन आयेंगे उस संबंधित आवेदन को संबंधित पदाधिकारी सक्रिय होकर एड्रेस करें तो हम अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर सकेंगे। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्य प्रक्षेत्र की योजनाएं, कहां विशेष ध्यान रखना है, ऑन द स्पॉट कौन सी शिकायतों का निवारण किया जा सकता है इन बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा किया गया। डीसी ने विभिन्न पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया। बैठक में डीडीसी, नगर आयुक्त, सभी बीडीओ, सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चार-पांच पंचायतों में हर दिन लगेंगे शिविर

अभियान के दौरान प्रतिदिन जिले के विभिन्न प्रखंडों में कम से कम चार-पांच पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन शिविरों में लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। नया राशन कार्ड के लिए आवेदन लिया जायेगा। स्वीकृत राशन कार्ड दिये जायेंगे। राशन डीलर के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का निराकरण पेंशन लाभ, मनरेगा के तहत नये जॉब कार्ड, हड़िया बेचने वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें फुलो-झानों आशीर्वाद योजना से जोड़ना है। वहीं धोती-साड़ी का वितरण व कंबल वितरण भी किया जायेगा। अबुआ आवास के तहत नये आवेदन लिये जायेंगे साथ ही इ -श्रम पोर्टल पर निबंधन,लंबित दाखिल खारिज के मामलों का निष्पादन, लगान रसीद निर्गत, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना के आवेदन लेने जैसे कार्य किये जायेंगे। वहीं पात्र लोगों का आयुषमान कार्ड भी निर्गत किया जायेगा।

## अंतर विभागीय व्याख्यानमाला आयोजित

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग द्वारा अंतर विभागीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकायों से विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ कल्याण कुमार, कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल व आरसीआईटी के प्राचार्या अनीता सिन्हा ने संयुक रूप से किया। साथ ही अथितियों ने विद्यार्थियों को कई दिशा-निर्देश भी दिया। मंच संचालन डॉ स्वाति और डॉ अशोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर डॉ आर के सिन्हा आदि थे।

## सीओ ने रोजगार मेला प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में गुरुवार को जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है। जिसे सफल बनाने के लिए बुधवार को ब्लॉक परिसर से सीओ यामुन रविदास की ओर से हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार रथ को रवाना किया गया। प्रचार रथ से हरिहरगंज प्रखंड के सभी पंचायत में प्रचार प्रसार किया जाएगा। जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में कुल 2 कंपनियों के प्रतिनिधि पहुंचेंगे जिसमें 18 से 40 वर्ष के आयु की योग्यता के आधार पर रोजगार दी जाएगी। इस मौके पर प्रखण्ड कार्यालय नाजीर ब्रजेश कुमार,सीसी बलवंत कुमार,धीरेन्द्र कुमार,धर्मपाल कुमार,रवि कुमार,आईपीआरपी ममता कुमारी,सरिता कुमारी आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल आइसीसी की वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गये हैं। उन्होंने पाकिस्तान बाबर आजम को पीछे छोड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। बाबर 951 दिन तक नंबर एक बल्लेबाज बने रहे।

### उपलब्धि : 951 दिन बाद बाबर आजम ने ताज गंवाया

# शुभमन गिल बने वनडे के नंबर एक बल्लेबाज, सिराज गेंदबाजी में अव्वल

**एजेंसी**

**दुबई।** भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल आइसीसी की वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। बाबर 951 दिन तक नंबर-1 पर रहे। आइसीसी ने बुधवार को ताजा वनडे रैंकिंग जारी की है। गिल 830 अंकों के साथ टॉप पर पहुंचे। वहीं बाबर आजम 824 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। क्विंटन डी कॉक 771 अंकों के



साथ तीसरे नंबर पर हैं। विराट कोहली चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के मोहम्मद सिराज टॉप पर पहुंच गए हैं। सिराज सहित चार भारतीय गेंदबाज टॉप-10 में अपना स्थान पक्का करने में सफल हुए हैं। गिल को श्रीलंका के खिलाफ खेले 92 रन की पारी का फायदा मिला है। उन्होंने 92 गेंदों का सामना कर 100 की स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 2 छक्के जड़े थे।

### कोहली ने तीन स्थान की छलांग लगायी

विराट कोहली पिछले हफ्ते सातवें स्थान पर थे। उन्हें वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की खेली गई पारी का फायदा मिला और वह तीन रैंक की छलांग लगाकर 770 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### सिराज को दो स्थान का फायदा

गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज भी टॉप पर पहुंच गए हैं। पिछले हफ्ते जारी रैंकिंग में पाकिस्तान गेंदबाज शाहीन अफरीदी टॉप पर थे। सिराज ने पिछले हफ्ते की रैंकिंग के बाद खेले गए मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 1 विकेट और श्रीलंका के खिलाफ 3 विकेट लिए थे।

## कई खिलाड़ियों के बीच राज्य स्तरीय खेल जुडो प्रशस्तिपत्र का हुआ वितरण



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर स्पोर्ट क्लब की ओर से राज्य स्तरिय खेल जूडो प्रशस्तिपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित स्थानीय विधायक के पुत्र सह खेल शाखा क्लब के अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चन्द्रवंशी उर्फ मुन्ना चन्द्रवंशी, कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन व एस आई कुशेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से बच्चों के बीच प्रशस्तिपत्र पत्र का वितरण किया। पीएस एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी ने बताया कि दिल्ली में आयोजित नेशनल गेम जूडो का आयोजन होगा। जिसमें 18 राज्यों के कई छात्र-छात्रा भाग लेंगे। इस मौके पर नजमुद्दीन नूरी, संजय चौबे, एस पी पाण्डेय, अशोक कुमार,डॉ नजरुल हक सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला विरोधी : लवली गुप्ता



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार के बयान पर महिला मोर्चा की भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने कहा कि नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने विधानसभा में जिस तरह का बयान दिया है वह सदन की मर्यादा को तार-तार करने वाला है। वह सभ्य समाज का प्रतिनिधित्व करने के लायक नहीं रह गए हैं। यह उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है। यह बहुत ही शर्मनाक और दर्दनाक बयान है इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। नीतीश कुमार का जो विवेक है वह शून्य हो गया है। यह बयान साफ दर्शाता है कि महिलाओं के प्रति उनका क्या सोच है।इस बयान के बाद उनको मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें तुरंत ही इस्तीफा दे देना चाहिए।

**मतविरोध :** डीओ होल्डरों से ट्रक लोडिंग के नाम पर अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग

# बस्ताकोला लोडिंग प्वाइंट में संयुक्त मोर्चा में दो फाड़

**एक गुट में शामिल 10 यूनियन व संगठन ने बीसीसीएल प्रबंधन को पत्र लिखकर की दंगल बंटवारा कराने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



अलग होने के बाद मांग को लेकर प्रदर्शन करता एक गुट।

**धनसार।** बस्ताकोला ओसीपी लोडिंग पॉइंट में संयुक्त मोर्चा का विवाद फिर से सुलगने लगा है। डीओ ट्रक लोडिंग सरदारी एवं हिस्सेदारी को लेकर संयुक्त मोर्चा फिर से दो फाड़ हो गया है। डंप बनने के बाद से यहां विभिन्न मजदूर यूनियन व संगठन के लोग आमने-सामने थे। इस विवाद के कारण कई महीनों तक यहां के असंगठित मजदूर कार्य से वंचित थे। पूर्व में यहां लोडिंग पॉइंट शुरू करने को लेकर करीब 15 मजदूर यूनियन व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने मिलकर एक संयुक्त मोर्चा का गठन किया था। बाद में संयुक्त मोर्चा की ही पहल पर यहां ट्रक लोडिंग कार्य शुरू हुआ था। पर एक बार फिर नेताओं की आपसी गुटबाजी के कारण ट्रक लोडिंग के काम पर बंदी की तलवार लटकने लगी है। बुधवार को सयुक्त मोर्चा में शामिल 10 यूनियन व संगठन के नेताओं ने अलग गुट बनाकर प्रबंधन को मांग पत्र सौंपकर लोडिंग पॉइंट में पहले मजदूरों के दंगल का बंटवारा करने की मांग की है। उसके बाद ही प्रबंधन से बस्ताकोला लोडिंग पॉइंट में ट्रक लोडिंग शुरू करने की अपील की है। हालांकि संयुक्त रूप से दिए इस मांग पत्र में जनता श्रमिक संघ (जश्रसं), जनता मजदूर संघ (जमसं), आर्टिकल 19, चांदमरी मांझी बस्ती व राजद के संगठन से जुड़े लोगों के हस्ताक्षर नहीं हैं। मांग पत्र में डीओ होल्डरों से ट्रक लोडिंग के नाम पर अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग स्थानीय प्रबंधन से किया गया है। इस संबंध में बस्ताकोला कोलियरी कार्यालय में मांग पत्र देकर सयुक्त मोर्चा के नेताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि अगर 15 दिनों के अंदर मांग पूरा नहीं हुआ तो परियोजना से होने वाले कोयले की ट्रांसपोर्टिंग को बाधित कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रबंधन को दिए गए पत्र में युवा बेरोजगार मंच के गुड्डू सिंह, जेयूएम के रिंकू शर्मा, जेसीएमयू के कृष्ण चौहान, मासस के नीतीश पासवान, झामुमो के गणेश कुमार, रामबाबू पासवान आरसीएमएस, गौतम पासवान, लक्ष्मण चौहान, संतोष कुमार, रवानी भोला गोस्वामी के हस्ताक्षर है। इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी एके शर्मा का कहना है कि मांग पत्र कार्यालय में दिए जाने की सूचना मिली है। कोयले की ग्रेड सैंपलिंग रिपोर्ट आने के बाद ही ऑफर भेजा जाएगा। संयुक्त मोर्चा में शामिल सभी संगठन व यूनियन के लोगों के आपसी सहमति के बाद ही डीओ ट्रक लोडिंग का काम शुरू किया जाएगा।

# झरिया में बढ़ते वायु प्रदूषण के खिलाफ शहरवासियों का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** बढ़ते वायू प्रदूषण के खिलाफ झरिया की समाजसेवी संस्था ग्रीन लाइफ एवं यूथ कांसेप्ट के संयुक्त बैनर तले बुधवार को भगतडीह स्थित बीसीसीएल एरिया 9 के महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। आक्रोशित लोगों ने झरिया में प्रदूषण बंद करो, महाप्रबंधक शर्म करो जैसे नारे लगाए। बड़ी संख्या में प्रदूषण से त्रस्त राहगीरों ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर बीसीसीएल के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। बताया कि बीसीसीएल के राजापुर परियोजना से कोयला ट्रांसपोटिंग के दौरान निकलने वाले हाइवा के टायरों के साथ कीचड़ झरिया-धनबाद मुख्य सड़क पर पहुंचता है। फिर ये सड़कों पर धूलकण के गुबार बन सड़क पर ऐसे उड़ते रहते हैं कि चलना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर में यह धूलकण पीने के पानी और खाने पर जमा हो जा रहे हैं। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि कोयला खनन वाले क्षेत्रों को सीएसआर के तहत मिलने वाले सारे सीएसआर जनकल्याण मद से मिलने वाली राशि का अधिकारी गबन करते हैं। झरिया में गलत नीतियों से खनन कर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। लाखों पेड़ काटे गए। बदले में कागज पर पौधारोपण हुआ। इस कारण आज झरिया की हवा जहरीली हो गई है। लोग कैंसर, टीबी, अस्थमा, हृदय रोग, लिवर-किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में हैं। वहीं यूथ कांसेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि हमारी सांसे संकट में है। यहां का हर दूसरा व्यक्ति अब स्वास की बीमारी से ग्रसित हो रहा है। जब तक प्रदूषण कम करने के सार्थक उपाय नहीं किये जाते तब तक विरोध जारी रहेगा। मौके पर कौशल सिंह, अरविंद यादव, श्रीकान्त अम्बष्ठ, अशोक मालाकार, डॉ दिलीप कुमार, महताब आलम, डॉ एस हैदर, मो गाजी, डॉ यू आर दास आदि थे।

# सूर्योदय सेवा समिति ने छठ महापर्व को लेकर चिरकुंडा नप को सौंपा मांग पत्र



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सूर्योदय सेवा समिति चिरकुंडा के श्याम गडिया ने चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता को पत्र सौंपकर छठ घाटों की सफाई, घाटों के समीप मिट्टी नुमा बालू से रास्ते का निर्माण और गोताखोर की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। चिरकुंडा रेलवे क्रॉसिंग से नदी घाट तक सूर्योदय सेवा समिति की ओर से द्वारा सौंदर्य, लाइटिंग और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था हर वर्ष की जाती है। परिषद से रास्ते में पानी का छिड़काव, रास्ते को सुगम बनाने के लिए बालू नुमा मिट्टी से सड़क का निर्माण करना, साफ सफाई करवाने सहीत घाट पर हजारों की संख्या में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए गोताखोर की व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

# रेल एसपी ने कतरासगढ़ रेल थाना का किया निरीक्षण, दिया निर्देश



**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बुधवार को कतरासगढ़ रेल थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने दैनिक कांड, मालखाना, पुलिस कर्मियों की वर्दी आदि का निरीक्षण किया। यहां पहुंचने पर कतरास रेल थाना प्रभारी नवीन कुमार रजक ने रेल एसपी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। रेल एसपी ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही रेल यात्रियों की विशेष सुविधा पर ध्यान रखने का निर्देश दिया। कहा कि रेल यात्रियों की यात्रा के दौरान पुलिस उनके सुरक्षा के प्रति हमेशा चौकन्ना रहे। उनकी हर सुविधाओं का भी ख्याल रखे। पुलिस यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करें। इसके बाद रेल एसपी ने कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन का भी बारीकी से निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर चिन्हित कर विशेष निगरानी करने की बात कही। इस दौरान रेल एसपी के साथ रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा भी मौजूद थे।

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अति अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)
**PR No. -304904 Dated : 18.08.2023**
अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **130/2023-24** दिनांक :- 07.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SIM-04/2023-24 | ठेठईटांगर | 1 | L041-एन०एच०–23 जोराम से मसनीया भाया सुदापहाड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.950 कि०मी०) | 1229.527 | बारह करोड़ उनतीस लाख बावन हजार सात सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | ठेठईटांगर | 2 | L056-लट्ठाखम्मन रेंगारी पथ से सर्पलता भाया भवरखोल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.910 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 3 | L026-शंख नदी से कोंगसेरा बसारटोली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.370 कि०मी०) | | | |
| | | बोलबा | 4 | बोलबा पी०डब्लू०डी० पथ से शमशेरा त क पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.660 कि०मी०) | | | |
| | | बोलबा | 5 | बोलबा पिरियापोछ मोड़ (बेलकुबा से तलमंगा पथ) से अवगा बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.700 कि०मी०) | | | |
| | | बोलबा | 6 | अवगा से कु न्दुरमुंडा त क पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–09.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 16.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–17.11.2023 .अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR.NO.310984 Rural Work Department(23-24):D

# प्रज्ज्वला महिला समिति ने असहाय महिलाओं के बीच बांटी साड़ी-मिठाई



**कतरास (आजाद सिपाही)।** शिव मंदिर मांझी बस्ती निचितपुर में बुधवार को प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में दीपावली एवं धनतेरस त्योहार को ध्यान में रखते हुए 36 असहाय महिलाओं एवं बच्चों के बीच साड़ी, मिठाई, बरतन, पटाखे, मिठाई, लस्सी का वितरण किया। समिति की अध्यक्ष काकुली राय ने बताया कि हर त्योहार एवं अन्य आयोजनों में समिति हमेशा समाज के असहाय लोगों की मदद करती रहती है। मौके पर समिति की सुनीता सिंह, विमला मिश्रा, संगीता धुर्वे, माया सिंह, वंदना विश्वकर्मा एवं नूतन जोशी आदि उपस्थित थी।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

### निविदा संबंधी आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के **निविदा सूचना सं0 08 / 2023–24** जो दैनिक समाचार पत्र मे पी.आर0 न0 309613 Rural Works Department (23-24)_D दिनांक 19.10.2023 को प्रकाशित हुआ था, उसे अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल,खूँटी।

PR 311009 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## Govt. of Jharkhand
## Agriculture, Animal Husbandry& Co-operative Department
## (Co-operative Division)
## Co-operative Training Centre, Gungu Toli, Bahu Bazar, Ranchi

Ref : 144 Date : 07 / 11 / 2023

### Tender No.–05

**Short Term Tender for hiring of Vehicles on Daily Rate Contract Basis**

Co-operative Training Centre, Ranchi invites tender from the reputed vehicle rental service providers(firms/agencies /individuals) for providing chauffer driven Tata Sumo/Bolero/ Swift Dzire similar or upgraded version vehicle for official use for the financial year 2023-24 which may be extended till next tender depending upon the service performance of the service provider.

The interested ones will have to submit non-refundable tender fees of Rs. 1000/-(One thousand only) in the form of DD in favour of 'Principal, Co-operative Training Centre, Ranchi, payable at Ranchi, Jharkhand.

Time Schedule

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Date of Publication of Bid | 10.11.2023 |
| 02. | Last date of submission of Technical and Financial Bid | 17.11.2023 by 12.00 pm |
| 03. | Opening of Technical Bid & Financial Bid | 17.11.2023 at 2.00 pm |

Detailed tender documents, terms and conditions may be collected from the office at Co-operative Training Centre, Gungu Toli, Bahu Bazar, Ranchi during office hours.

PR 310998 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)#D PRINCIPAL

विक्रेता नियमपूर्ण पटाखे की ही बिक्री करें : थाना प्रभारी

# दीपावली में करें धुआं व ध्वनि रहित पटाखों का ही उपयोग: श्याम भारती

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** बोकारो के ढोरी महिला कल्याण समिति के महासचिव श्याम कुंवर भारती ने बुधवार को ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित देवी मंदिर परिसर में संवाददाता सम्मेलन कर वायु और ध्वनि प्रदूषण रहित दीपावली मनाने की अपील की। संवाददाता सम्मेलन उच्चनम मन्यायलय ने निर्देशानुसार स्विच ऑन फाउंडेशन कोलकता के तत्वाधान में किया गया। इसमें बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्याम कुंवर भारती ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार दीपावली रात आठ से 10 बजे तक मनाई जाएगी। इसमें धुआं और ध्वनि रहित पटाखों का उपयोग करना है। जिससे वायु प्रदूषण पर बुरा प्रभाव ना पड़े। उन्होंने कहा कि स्विच ऑन फाउंडेशन के तहत महिला कल्याण समिति वायु प्रदूषण को लेकर दीपावली में एक अभियान चला रही है। यह लो एंड ऑर्डर से संबंधित है। इस कारण इसमें प्रशासनिक अधिकारियों का भी सहयोग अपेक्षित है। इसमें बेरमो बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी, विधायक, सांसद आदि के सहयोग से मिलकर इस अभियान को सफल बनाना है। कहा कि लोग इस पर अमल करते हुए हंसी-खुशी त्योहार मनाए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पटाखा फोड़ने की मनाही नहीं है। पर जिससे ज्यादा धुआं और ध्वनि फैलता है वैसे पटाखों से दूरी बनाएं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार इस तरह के पटाखों का भी निर्माण किया गया है। कहा कि दीपावली हमलोगों का पारंपरिक त्योहार है। इसे धूमधाम से मानना है। पर इसमें तेल-घी के दिए जलाना है, मोबिल और डीजल का उपयोग नहीं करना है। वहींस बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि दीपावली सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का पर्व है। दीपावली में कम धुआं और कम आवाज वाले पटाखे का उपयोग करें। उन्होंने सभी पटाखा विक्रेताओं से कहा कि जो नियमपूर्ण पटाखे हैं उसकी ही बिक्री करें। इसके लिए मैं खुद सभी दुकानों में घूम-घूम कर निरीक्षण करूंगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार पटाखा हमेशा खाली स्थान पर ही जलाएं। छोटे बच्चों के पटाखे जलाते समय अविभावक उनके साथ रहें। घनी आबादी वाले स्थान पर पटाका ना जलाए। दीपावली के दौरान सांस संबंधी मरीजों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इस मौके पर चंदन कुमार चौहान और शंभू पांडेय उपस्थित थे।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - **DWSD/DT/Med-07/2023-24 (1st Call)** दिनांक – **07.11.2023**

| | |
|---|---|
| 1 | Name of Work :- Construction of 125/115 mm dia with. 70m/90m/120m mtrs deep drilled tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform etc. On "Turn Key Basis" under D.W.&S. Division, Medininagar for the Year 2023-24. |

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED/DT/70mtr.-01 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.02 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-03 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-04 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-05 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-06 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-07 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-08 | 100 Nos | 89,17,741.00 | 1,78,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-09 | 109 Nos | 97,20,337.00 | 1,94,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/70mtr.-10 | 109 Nos | 97,20,337.00 | 1,94,500.00 | 10,000.00 | 180 Days |
| MED/DT/90mtr.-11 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-12 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-13 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-14 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-15 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-16 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-17 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-18 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-19 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-20 | 90 Nos | 91,06,738.00 | 1,82,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/90mtr.-21 | 85 Nos | 86,00,809.00 | 1,72,500.00 | 10,000.00 | 160 Days |
| MED/DT/120mtr.-22 | 70 Nos | 90,96,519.00 | 1,82,000.00 | 10,000.00 | 130 Days |
| MED/DT/120mtr.-23 | 70 Nos | 90,96,519.00 | 1,82,000.00 | 10,000.00 | 130 Days |
| MED/DT/120mtr.-24 | 70 Nos | 90,96,519.00 | 1,82,000.00 | 10,000.00 | 130 Days |
| MED/DT/120mtr.-25 | 70 Nos | 90,96,519.00 | 1,82,000.00 | 10,000.00 | 130 Days |
| MED/DT/120mtr.-26 | 70 Nos | 90,96,519.00 | 1,82,000.00 | 10,000.00 | 130 Days |
| MED/DT/120mtr.-27 | 66 Nos | 85,76,718.00 | 1,72,000.00 | 10,000.00 | 130 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.11.2023 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10. 2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.11.2023 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 02.12.2023 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम :- | ई0 रामेश्वर गुप्ता, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7543089612 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-2480345 |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 310956 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

# एनटीपीसी भुवनेश्वर ने मनाया 49वां स्थापना दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** एनटीपीसी लिमिटेड का 49वां स्थापना दिवस एनटीपीसी ईआर-दो मुख्यालय भुवनेश्वर में मनाया गया। स्थापना दिवस के इस अवसर पर एनटीपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बिजली उत्पादन से संबंधित सभी गतिविधियों में कुशल और टिकाऊ संचालन हासिल करने पर जोर दिया। गुरदीप सिंह ने संगठन की भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। एनटीपीसी ईआर-दो मुख्यालय के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार ने एनटीपीसी ध्वज फहराया और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, स्थापना से लेकर वर्तमान तक संगठन के इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने पूर्वी क्षेत्र दो के अधिकार क्षेत्र के तहत पावर स्टेशनों में परिचालन उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पार्थ मजूमदार ने स्टेशनों और क्षेत्र को कई सम्मान प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करने के लिए कर्मचारियों की सराहना की। मजूमदार ने कहा कि एनटीपीसी के 'लोग' हमारे देश को सशक्त बनाने और इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रमुख प्रेरक हैं। 1975 में एक विनम्र शुरूआत के साथ, एनटीपीसी अब देश की सबसे बड़ी और सबसे प्रशंसित ऊर्जा कंपनी है। उन्होंने आगे कहा कि यह वास्तव में गर्व की बात है कि कंपनी 73,874 मेगावाट (जेवी / सहायक कंपनियों के माध्यम से 15,986 मेगावाट सहित) की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है, जिसमें 51 एनटीपीसी स्टेशन (27 कोयला आधारित, 7 गैस आधारित) शामिल हैं। 1 हाइड्रो, 1 लघु हाइड्रो, और 15 सौर पीवी) और 39 संयुक्त उद्यम/सहायक स्टेशन (9 कोयला आधारित, 4 गैस आधारित, 8 हाइड्रो, 1 लघु हाइड्रो, 3 पवन) और 14 सौर पीवी है। एनटीपीसी आरईएल एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने गुजरात में दयापार पवन परियोजना में 50 मेगावाट की अपनी पहली पवन ऊर्जा परियोजना के वाणिज्यिक संचालन की घोषणा की है।

समग्र कल्याण को प्रोत्साहित करने और एनटीपीसी कर्मचारियों, पूर्व कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य और खुशहाली को बढ़ाने के उद्देश्य से, ईआर दो मुख्यालय में फिजियोथेरेपी और वेलनेस सेंटर की स्थापना की गयी है, जिसका उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र-दो मुख्यालय के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार ने किया।









# जगमोहन मरम्मत मामले में हाइकोर्ट ने जतायी नाराजगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** कटक जगमोहन मरम्मत मामला। हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी। हाईकोर्ट ने एएसआई (अरक) डेटा को लेकर असंतोष जताया है। साथ ही सानी कागजात जमा करने का भी आदेश दिया है। वहीं, मामले में सुनवाई की अगली तारीख 15 तारीख तय की गयी है। हाई कोर्ट ने 2017 से लेकर अब तक की सारी जानकारी मांगी। लेकिन एएसआई द्वारा दी गयी जानकारी संतोषजनक नहीं थी। इसीलिए हाई कोर्ट ने एएसआई की ओर से दी गयी जानकारी पर असंतोष जताया है। एएसआई को अगले 15 तारीख तक सानी सत्यपाठ दाखल करने का आदेश दिया है।



## 22 से धरना, एक से बसों की हड़ताल

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट बस ओनर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है तो 1 दिसंबर से राज्य की सभी बसें हड़ताल पर चली जायेंगी। सबसे पहले बस मालिक 22 नवंबर से विधानसभा के सामने धरना देंगे। अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं सुनी तो आंदोलन को बढ़ाया जायेगा और बस सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दी जायेंगी। इसकी जानकारी प्राइवेट बस ओनर्स एसोसिएशन ने दी। बस हड़ताल से पहले 1000 से अधिक बस मालिकों ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए 22 तारीख को विधानसभा के सामने धरना पर जानेका का फैसला किया है।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव ने 49वां स्थापना दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने अपने प्रशासनिक भवन परिसर में उत्साह के साथ अपना 49वां स्थापना दिवस मनाया। एनटीपीसी के सीजीएम करुणाकर दास ने एनटीपीसी ध्वज फहराया और केक काटने के साथ गुब्बारा छोड़ा गया। इस कार्यक्रम में के.सी. मुरलीधरन जीएम (ओ एंड एम) संजय पांडे जीएम (एफजीडी) इंदुरी एस रेड्डी जीएम (रखरखाव) आशुतोष विश्वास जीएम (ऑपरेशन) जी.एम. थांगजोम कमांडेंड सीआईएसएफ, एमएस .कंडारी सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ और कई विभागों के यूनियनों एसोसिएशनों और बर्दवी सिखला लेडीज क्लब के प्रतिनिधि उपस्थित थे। करुणाकर दास ने संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के माध्यम से उत्पन्न बिजली सहित 73,874 मेगावाट की वर्तमान स्थापित क्षमता के साथ एनटीपीसी की प्रभावशाली वृद्धि और विरासत पर प्रकाश डाला। एनटीपीसी के पास एक विविध ऊर्जा पोर्टफोलियो है, जिसने वित्त वर्ष 22-23 में 5026.88 एमयू की उच्च-शक्ति उत्पादन और 76.51% का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की पीढ़ी को पार कर गया है। स्टेशन ने अप्रैल'22 में उच्चतम मासिक उत्पादन भी दर्ज किया, जो चरम मांग को पूरा करने और ग्रिड विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करता है। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी बोंगाईगांव ने स्टेशन के प्रति समर्पित सेवा के लिए पांच व्यक्तियों को पावर एक्सेल अवार्ड प्रदान किया गया। पुरस्कार पाने वालों में ज्ञानंकुर सोनोवाल वरिष्ठ प्रबंधक (ई एम डी) सौरव कुमार वरिष्ठ प्रबंधक (एच आर) मनीष मिश्रा उप प्रबंधक (संचालन) प्रत्यय अमृता उप प्रबंधक (संचालन) और श्यामल बनर्जी सहायक प्रबंधक (रसायन विज्ञान)। इसके अलावा तकनीशियन (ईएमडी) जॉय गोपाल बर्मन को स्टेशन के प्रति उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए इस साल के कर्मचारी के रूप में सम्मानित किया गया। भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने 7 नवंबर, 1975 को अपनी स्थापना के बाद से देश के हर हिस्से में बिजली उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह संगठन पिछले 48 वर्षों में भारत में बिजली क्षेत्र का प्रतीक बन गया है। जैसे ही भारत में बिजली क्षेत्र विकास और परिवर्तन के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, एनटीपीसी प्रस्तुत महत्वपूर्ण अवसरों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी ने अपने ऊर्जा कॉम्पैक्ट लक्ष्यों की घोषणा की है, जो 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जो टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा उत्पादन के प्रति अपने समर्पण को और मजबूत करता है।



# आग की घटनाओं को रोकने के लिए खोरधा रोड मंडल ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** जैसे-जैसे दिवाली का त्यौहार नजदीक आ रहा है, खोरधा रोड मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनों में पटाखे, गैस सिलेंडर, एसिड, पेट्रोल, मिट्टी का तेल आदि जैसी ज्वलनशील सामग्री ले जाने पर कड़ी निगरानी रखने के लिए विशेष सुरक्षा अभियान शुरू किया है। इस अभियान में, एसएलआर में लोड करने से पहले, जीआरपी, आरपीएफ और नागरिक सुरक्षा अधिकारियों के समन्वय से रेलवे अधिकारियों द्वारा सामान और विस्फोटक सामग्री संबंधी पार्सल वैन की यादृच्छिक और औचक जांच शामिल है। ट्रेनों और स्टेशनों पर पर्याप्त अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। पावर कारों, पेंट्री कारों और कोचों में दिए गए धुएं और आग का पता लगाने वाले अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली की जांच की जा रही है। ट्रेन पर मौजूद कर्मचारियों को परामर्श दिया गया है और अग्निशामक यंत्रों के संचालन के बारे में समझाया गया है। इसके अलावा, खोरधा रोड मंडल में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें यात्रियों से ट्रेनों में यात्रा करते समय सावधान रहने तथा ज्वलनशील या विस्फोटक वस्तुएं न ले जाने और अपने सह-यात्रियों को भी उक्त सामान न ले जाने देने का आग्रह किया जा रहा है। यात्री, ट्रेनों में पटाखे ले जाने से संबंधित किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए हेल्प लाइन नंबर 139 पर कॉल कर सकते हैं। एच.एस.बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने सभी अधिकारियों को ट्रेनों और स्टेशनों पर ज्वलनशील सामग्री ले जाने पर कड़ी निगरानी रखने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करने की सलाह दी है।







DAS MUSICAL STORE
All Musical Instrument available here
Main Road, Ranchi Ph. : 0651-2201778
Mob. : 9835164815

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec0S.com

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
GARHWA, JHARKHAND, 822114
Session 2023-24
Admission Going On
Limited Seats are vacant
Hurry Up
B.Pharm.
D.Pharm.
BHMS
B.D.S. / M.D.S.
M.D in Homoeopathy
Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical
96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090

BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
2 घंटे में सुनिश्चित उपाय
तांत्रिक मास्टर किंग खान का खुला ऐलान
कारोबार प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृह क्लेश पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रॉपर्टी, कोर्ट, केस, वशीकरण, जादू - टोना, किया कराया
A TO Z समस्या का समाधान पर तेज
बाबा मुबारक खान
हमारे किए हुए काम को कोई ज्योतिष ,पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
9311266125
8130817043
काम न होने पर पैसे वापस
नियर घंटाघर , मास्टर कैंटीन के सामने।

रत्न विक्रेता
जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**